प्रवेशिका पाठ्य पुस्तक-3

भाग-1

(इस पाठ्य पुस्तक में प्रवेशिका परीक्षा प्रश्न-पत्र-3, भाग-1 की सामग्रियाँ उपलब्ध है। प्रचारक एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रवेशिका प्रश्न-पत्र-3, भाग-2 में प्रादेशिक भाषा में प्रश्न पूछे जाएँगे। अतः वे अपनी-अपनी प्रादेशिक भाषा के लिए निर्धारित पुस्तकों का अध्ययन कर लें।)

प्रकाशक

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

त्यागरायनगर, चेन्नै-600 017

प्रवेशिका पाठ्य पुस्तक-3 – भाग-1

विषय सूची

		पृष्ठ
I. निबंध		
1. नागरिकों के कर्तव्य और अधिकार	.....	5
2. जीवन में व्यायाम और खेलकूद का योगदान	.....	6
3. भारत की संपर्क भाषा हिन्दी	.....	7
4. भारतीय किसान	.....	9
5. सूचना प्रौद्योगिकी और भारत	.....	10
6. भारतीय समाज पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव	.....	12
7. बेकारी (बेरोज़गारी) की समस्या	.....	13
8. दैव-दैव आलसी पुकारा	.....	15
9. दीपावली	.....	16
10. पोंगल – मकर संक्रांति	.....	18
11. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम	.....	20
12. महात्मा गाँधी	.....	21
II. पत्र-लेखन	.....	24
III. प्रयोजनमूलक हिन्दी	.....	29
IV. संक्षिप्तीकरण	.....	35
V. अनुवाद अभ्यास	.....	41
अनुवाद अभ्यास – उत्तर	.....	67
नमूना प्रश्न-पत्र	.....	94

I. निबन्ध

1. नागरिकों के कर्तव्य और अधिकार

भूमिका :

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। उसे नियमबद्ध समाज में रहना पड़ता है जो बाद में एक राष्ट्र के रूप में परिणत हो जाता है। एक अच्छा राष्ट्र उसे शान्ति, समृद्धि, अधिकार, सुरक्षा, विद्या, नौकरी और विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। ये सब उनके विकास में योगदान देते हैं।

भारतीय संविधान :

भारत के संविधान में प्रजा को अनेक अधिकार प्रदान किये गये हैं। पर ये अधिकार अबाध नहीं हैं। अधिकार में ही कर्तव्य समाविष्ट है। दोनों–कर्तव्य और अधिकार–अन्योन्याश्रित हैं; एक दूसरे के पूरक हैं। अरस्तू के अनुसार नागरिक की पहली योग्यता उसके शासन करने की क्षमता और क्रमशः शासित होने में है।

सच्चा नागरिक वह है जिसमें बुद्धि हो, आत्मनियंत्रण हो और सच्ची चेतना हो। अपने कर्तव्यों का प्रयोग करने के लिए नागरिक को इन गुणों से भरा पूरा होना ज़रूरी है। स्वार्थता और दलबंदी सच्चे नागरिक बनने में बाधा पहुँचाते हैं। यदि एक नागरिक दुर्गुणों को अपनावे तो वह अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यपरायण नहीं रह सकता।

नागरिकों का कर्तव्य :

प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रति वफ़ादार और विनम्र रहना ज़रूरी है। नागरिक का प्रथम कर्तव्य राष्ट्र के संविधान या कानून को मानना है और जहाँ कानून के खिलाफ़ कोई कार्य हो तो उसे रोकना भी है। शान्ति को कायम रखने में, उसे राज्य की मदद करनी है।

बाहर से देश पर आक्रमण हो तो समय की आवश्यकता को ख्याल में रखकर उसे अपना सब कुछ त्याग करना है।

संविधान की 42वीं धारा के संशोधन के रूप में नागरिकों के दस कर्तव्यों को यों घोषित किया गया है और उन्हें मूल कर्तव्य भी ठहराया गया है। वे हैं :–

1. संस्थाओं का मान रखना है, वैसे ही राष्ट्रीय झंडे और राष्ट्र गीत का भी मान रखना है।
2. स्वातंत्र्य-संग्राम के उच्च आदर्शों को हृदय में पाले रखना है।
3. भारत राष्ट्र की प्रभुता, एकता और अखण्डता का समर्थन करना है।

4. राष्ट्र की रक्षा करना और ज़रूरत पड़े तो राष्ट्रीय सेवा करना है।
5. आम भाईचारे की भावना को देश में प्रोत्साहन देना है।
6. राष्ट्र की सामासिक संस्कृति की परंपरा का परिरक्षण करना है।
7. राष्ट्रीय वातावरण की रक्षा करना है।
8. वैज्ञानिक प्रकृति का विकास करना है।
9. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना और हिंसा का पूर्ण त्याग करना है।
10. सब वैयक्तिक तथा समवेत कार्यकलापों में उत्तमता लाने का प्रयत्न करना है।

उपसंहार :

भारत की सामाजिक और राजनैतिक संस्थाओं की बनावट (ढाँचा) सही तौर पर समझने से हम क्रियाशील और बुद्धिमान नागरिक बन सकते हैं। हमारा समाज विकासशील है जिसमें समाजिक और आर्थिक परिवर्तन बड़े ज़ोर से हो रहे हैं। इन कर्तव्यों के अनुपालन से हम भारत माता का सच्चा अनुग्रह पाकर नागरिक बन सकते हैं।

❊ ❊ ❊ ❊

2. जीवन में व्यायाम और खेलकूद का योगदान

परिचय :

खेलकूद, व्यायाम, कसरत ये सब शरीर को स्वस्थ और जवान रखने के लिए आवश्यक हैं। शरीर के हर भाग को इनके द्वारा चुस्तता और शक्ति मिलती है और रक्त संचार नियमित रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास हो सकता है। मन स्वस्थ हो तो इनसान का चरित्र भी अच्छा रहेगा। मन और शरीर का स्वास्थ्य ही अच्छे चरित्र या चरित्र गठन की नींव है।

खेलकूद और व्यायाम :

हमारे देश में तरह-तरह के खेल, खेले जाते हैं। हरेक व्यक्ति अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के खेल खेलता है। शारीरिक खेल, दिमागी खेल, योगाभ्यास, एकान्त में खेले जानेवाले खेल, सामूहिक रूप से खेले जानेवाले खेल आदि अनेक प्रकार के खेल हैं।

शारीरिक लाभ :

खेलकूद रक्त संचार को चुस्त बनाता है। कसरत करना, दौडना, कूदना, तैरना, उठना, बैठना, साँस लेने के अभ्यास आदि क्रियाओं द्वारा हमारी माँसपेशियाँ, हड्डियाँ और पसलियों को शक्ति मिलती है। हमारा

शरीर चुस्त रहेगा और शरीर स्वस्थ हो तो काम करने में मजा भी आयेगा। तेज़ सांस लेने से या हँसने से फेफडों और दिल पर अच्छा असर पड़ता है, रक्त संचार सुधर जाता है।

खेलकूद द्वारा चरित्र संगठन :

नियमित तौर से व्यायाम करना या खेलना एक अच्छी आदत है। जीवन के लिए अनुशासन अति आवश्यक है। इससे हम जिम्मेदार, समय के पाबंद और सदुपयोग करनेवाले बन जाएँगे। हमारा स्वभाव भी शान्त और उत्साह भरा हो जाएगा।

शतरंज जैसे दिमागी खेल खेलेंगे तो दिमाग चुस्त होगा और हमें सोच समझकर निश्चय पर पहुँचने की आदत मिलेगी। मामले को भिन्न पहलुओं से परखने की क्षमता हममें आएगी। हर समस्या को मुसीबत न समझकर चुनौती के समान देखकर उसे सुलझाने की कौशलता मिलेगी।

सामूहिक रूप में खेलें तो हमें समूह भावना समझ में आएगी। स्वार्थ भावना से मुक्त होकर टीम का हिस्सा बनकर टीम और देश के लिए पूरा दिल लगाकर हम खेलेंगे। यह तो देशभक्ति का पहलू ही तो है।

खेलकूद में हार और जीत दोनों हैं। अच्छा खिलाडी दोनों को समानता से देखेगा। शान से हारना या दूसरों की जीत की खुलकर प्रशंसा करना महान चरित्र का परिचायक है। स्पोर्टस्मैनशिप (खेल भावना) तो यही है।

योगाभ्यास से शरीर, मन और आत्मा तीनों में संतुलन प्राप्त किया जाता है। आदमी अपने आप पर नियंत्रण रखना सीख सकता है और आत्मसंयमी बन सकता है। आत्मसंयम तो सफ़लता की चाबी है।

उपसंहार :

संक्षिप्त रूप में खेलकूद और व्यायाम चरित्र गठन के साधन है। खेलकूद द्वारा प्राप्त खूबियों के द्वारा आदमी लोकप्रिय, उदार, सबका शुभचिंतक बन जाता है।

❊ ❊ ❊ ❊

3. भारत की संपर्क भाषा हिन्दी

बहुभाषा भारत :

भारत एक अनुपम देश है। 'अनेकता में एकता'–यही भारत की विशेष पहचान है। भारत में बोली जानेवाली विभिन्न भाषाएँ इस विविधता का एक मुख्य कारण हैं। संसार के किसी अन्य देश में इतनी सारी भाषाएँ पायी नहीं जातीं। हर भारतीय भाषा की अपनी महक, अपनी सुन्दरता और विशिष्टता होती है। इनमें कुछ भाषाएँ मौखिक रूप में हैं और कई भाषाओं की अलग-अलग लिपियाँ हैं। कुछ भाषाएँ एक ही लिपि का प्रयोग करती हैं। अधिकतर भारतीय भाषाओं की लिपि 'देवनागरि' है।

संप्रेषण की समस्याएँः

कई भाषाएँ भारत के सौंदर्य में चार चाँद लगाती हैं। लेकिन अनेक भाषाओं के कारण कई चुनौतियाँ भी हैं। हर प्रांत के लिए अलग भाषा है। गाँव और शहरों में भिन्न-भिन्न बोलियाँ हैं। इससे एक जगह के लोग दूसरी जगह के लोगों की बात को समझ नहीं पाते हैं। वे आपस में किस भाषा में संपर्क करें? संचार का माध्यम क्या हो? इस कारण हर प्रांत का अपने में ही सिकुड़ जाने की नौबत होती है। इससे देश की उन्नति हो नहीं सकती। देश के ही अंदर (राष्ट्रीय) मैत्री की भावना नहीं पनपती। एक प्रांत का आदमी अगर दूसरे प्रांत में जाए और वहाँ की भाषा से वह अनजान है तो वह अपने को अजनबी और अकेला महसूस करेगा।

संपर्क भाषा की आवश्यकताः

भाषा की विविधता के कारण उत्पन्न होनेवाली समस्याओं का समाधान तभी होगा, जब पूरे देश के लिए एक संपर्क भाषा हो। इससे सारे देश में एक ही भाषा संपर्क भाषा के रूप में उभरेगी जिसके कारण देश के किसी भी कोने में, कोई भी अपने को अलग या अज़नबी नहीं महसूस करेगा। यह भाषा संपर्क के लिए, मित्रता बढ़ाने के लिए, संचार के लिए सुविधाजनक होगी। इससे प्रादेशिक संकीर्णता मिट जाएगी। हिन्दी ऐसी एक संपर्क भाषा है।

राजभाषा हिन्दीः

भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं की सूची है, ये भाषाएँ भारत की राष्ट्रभाषाएँ हैं। इनमें देवनागरी में लिखित 'हिन्दी' को राजभाषा के रूप में घोषित किया है। बहुत विचार और विवाद के बाद भारत के नेताओं ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में चयन किया। भारत की लगभग सभी जगहों में हिन्दी परिचित भाषा है। पूरे उत्तर भारत में हिन्दी ही ज़्यादा बोली जाती है। पूरब, पश्चिम और दक्षिण में भी लोग हिन्दी बोलने और सीखने में रुचि लेते हैं और उसकी जानकारी रखते हैं। हिन्दी हमारी आदि भाषा संस्कृत से जन्मी है।

आजकल हिन्दी सरकारी कार्यों में भी पूरी तरह प्रयुक्त होती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर या सरकारी फार्मों में अंग्रेज़ी और हिन्दी का साथ-साथ प्रयोग होता है।

हर प्रांत की शिक्षा प्रणाली मे अंग्रेज़ी, प्रान्तीय भाषा और हिन्दी की शिक्षा दी जाती है। इसे त्रिभाषा नीति कहते हैं। भारत के अधिकतर प्रांतों ने त्रिभाषा नीति अपनायी है। दक्षिण भारत की अधिकतर पाठशालाओं में तीन भाषाएँ पढ़ायी जाती हैं। कुछ स्कूलों में छात्र-छात्राओं को हिन्दी या प्रांतीय भाषा पढ़ने का विकल्प दिया जाता है। हिन्दी गाने, हिन्दी फिल्में आदि अत्यंत लोकप्रिय है।

हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता और सम्मान :

हर देश का नागरिक अपनी राष्ट्रभाषा पर गर्व करता है। अन्तर्राष्ट्रीय बैठकों और सभाओं में उस देश के नेता अपनी भाषा का प्रयोग करते हैं। आवश्यकतानुसार अंग्रेज़ी तथा अन्य भाषाओं में भाषण का अनुवाद किया जाता है। आजकल हमारे भारतीय नेता भी विदेश जाते समय और अन्य देश को संबोधित करते वक्त हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। इससे संसार में हिन्दी का सम्मान बढ़ रहा है।

उपसंहार :

हर प्रांत में हिन्दी प्रचार के लिए विभिन्न संस्थान स्थापित हैं जिससे हिन्दी का प्रशंसनीय प्रचार हो रहा है। इसका बहुत समृद्ध साहित्य है।

हिन्दी उन्नति के रास्ते पर लगातार चल रही है। आजकल इसे सजाने में कई लेखक, पत्रकार, कवि, गायक लगे हुए हैं।

❊ ❊ ❊ ❊

4. भारतीय किसान

प्रस्तावना :

भगवान विष्णु यदि सृष्टि के पालक हैं तो मानव समाज का पालक किसान है। दुख उसके जीवन का साथी है, तपस्या उसके जीवन का उद्देश्य है। परोपकार उसके जीवन का लक्ष्य है तथा परिश्रम उसके जीवन का अंग है। वह साहस की मूर्ति है, त्याग और संतोष उसके गुण हैं। भारतीय किसान सच्चे अर्थों में भगवान का प्रतिनिधि है।

किसान की दशा :

भारत गाँवों का देश है। यहाँ लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है। हमारे अति प्राचीन ग्रंथ वेदों में यत्र-तत्र कृषी का वर्णन किया गया है। अन्नोत्पादन करके लोगों का पोषण करनेवाले कृषक ईश्वर से कम नहीं है। परंतु उसकी दयनीय स्थिति का अवलोकन करके हर सहृदय की आत्मा काँप उठती है। कपड़ों के नाम पर शरीर पर केवल फटी लंगोटी एवं फटे-पुराने वस्त्र, भोजन के नाम पर रूखी-सूखी रोटी एवं घर नाम पर सदियों पुरानी टूटी-फूटी झोंपड़ी–यही भारतीय किसान की स्थिति है। वह अथक परिश्रम करता है तथा खून-पसीना एक करके खेत में काम करता है। कभी भी अपने कर्तव्य से मुँह नहीं मोडता है। फिर भी भारतीय किसान की अवस्था अत्यंत ही दयनीय है। कठिन परिश्रम करने के उपरांत भी उसे भरपेट भोजन और शरीर की रक्षा के लिए पर्याप्त वस्त्र नहीं मिलते। वह बराबर कर्जदार बनकर रहता है।

भारतीय किसान के सम्मुख कई समस्याएँ खड़ी रहती हैं जिनमें पानी की समस्या प्रमुख है। जिस वर्ष वर्षा ठीक समय पर नहीं होती, किसानों को बडी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी अतिवृष्टि के कारण भी फसलें नष्ट हो जाती हैं।

स्थिति में सुधार के प्रयत्न

सरकार की योजनाओं को सफल बनाने के लिए कृषि और कृषक दोनों की अवस्थाओं में सुधार लाना परमावश्यक है। किसान को खेती के नवीनतम साधनों की जानकारी देनी चाहिए। नव वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग करके भारतीय किसान अधिक अन्न उपजाने में समर्थ होगा। किसान अपने खाली समय में अनेक कार्य, जैसे - टोकरी बुनना, रस्सी बनाना आदि कर सकते हैं जिससे उनकी आर्थिक अवस्था में पर्याप्त सुधार हो सकता है।

उपसंहार :

देश का भला किसानों की भलाई पर ही निहित है। हमें प्रतिदिन खाना खाने से पूर्व, उस खाने का उत्पाद करनेवाले किसान की याद करनी है। बचपन से ही कृषि और खेती संबंधी बातों से बच्चों को अवगत करना चाहिए। इससे किसान की परेशानियों को सब लोग समझेंगे और उपयुक्त मंच में उनका प्रतिनिधित्व करेंगे।

❉ ❉ ❉ ❉

5. सूचना प्रौद्यौगिकी और भारत

परिचयः

इस शताब्दी में एक नयी लहर उठी है, एक नये युग का प्रारंभ हुआ। यह है आइ.टी. यानी सूचना प्रौद्योगिकी का युग। यह एक बड़ा उद्योग बन गया है। चारों ओर इसी का बोलबाला है। दुनिया भर करोड़ों लोग इसी उद्योग में लगे हैं। विशेष रूप से महानगरों में यह उद्योग दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रही है। सब युवा लोगों के लिए आई.टी. उद्योग ही सबसे आकर्षक बन गया है और वहाँ नौकरी प्राप्त करना उनका जीवन लक्ष्य बन गया है।

आइ.टी. का अर्थः

आई.टी यानी इन्फरमेशन टेक्नॉलजी (Information Technology) यानी सूचना प्रौद्योगिकी आज की संचार क्रांति और कंप्यूटर के चमत्कार का नतीजा है। इसके द्वारा बहुत सारे काम बड़ी तेजी से, दुरुस्ती से संपन्न होते हैं। समय और स्थानों की दूरी मिट गयी है। कंप्यूटर द्वारा हम संसार के किसी भी कोने से खबर प्राप्त कर सकते हैं; साथ-साथ कई काम इसी के द्वारा पूरा कर सकते हैं। अपने स्थान में बैठे-बैठे

कंप्यूटर के सहारे सब कुछ कर सकते हैं। सैकड़ों अन्य उद्योग इस पर निर्भर होने लगे हैं। कंप्यूटर एक हरफ़न मौला बन गया है।

युवा पीढ़ी में लोकप्रियता :

सूचना प्रौद्योगिकी सालों से युवाओं के बीच अति लोकप्रिय और उपयोगी विषय बन गया है। कंप्यूटर आधारित शिक्षा प्राप्त करने से बड़े-बड़े उद्योग संस्थाओं में अच्छी नौकरी मिलती है। यहाँ पर्याप्त वेतन भी मिलता है। आज़ की युवा पीढ़ी जल्दी धन संचय करना चाहती है। अतः आइ.टी. उद्योग ही उन्हें अधिक भाता है।

आइ.टी. उद्योग का सकारात्मक पक्ष :

इस उद्योग ने भारत को दुनिया में अलग पहचान प्रदान की है। इस उद्योग में भारतीयों की संख्या सबसे अधिक है। इससे भारत को विदेशी मुद्रा पर्याप्त रूप में प्राप्त होती है। इस उद्‌योग ने वैश्वीकरण के दरवाजे खोल दिए हैं और साथ-साथ बेकारी की समस्या का काफी हद तक हल कर दिया है।

इसमें पर्याप्त आमदनी मिलने के कारण बाजार में मौजूद हर तरह की चीज़ खरीद सकते हैं। जल्दी घर खरीद सकते हैं, मोटर गाड़ी खरीद सकते हैं, जीने का स्तर बढ़ा सकते हैं। साथ-साथ बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षिण दिलवा सकते हैं।

आइ.टी. उद्योग का नकारात्मक पहलू :

इस उद्योग में काम करने से पैसा जरूर मिलता है। पर इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ती है। रात दिन काम करना पड़ता है। दफ़्तर में लम्बे समय तक रहना पड़ता है। इसलिए परिवार पर ज़्यादा ध्यान नहीं दिया जा सकता। बच्चों को अनेक चीज़ें उपलब्ध करा सकते हैं पर वक्त नहीं दे सकते। उनकी बातों को प्रेम से सुनने को किसी माँ बाप के पास न फुरसत है न ताकत। वे तो थके-थके रहते हैं।

विदेशी रीति रिवाज़ों पर आधारित होने के कारण इन कंपनियों के काम करने के तौर-तरीके भिन्न है। इनके कोई निर्धारित समय नहीं होते। अक़सर रात को काम करके दिन में बेकार रहना पड़ता है। साथ-साथ घंटों एक ही जगह में कंप्यूटर के पर्दे पर आँखें गढे वातानुकूलित कमरे में बैठे रहना पड़ता है।

इस काम के दबाव के कारण घर में खाना पकाना मुश्किल हो जाता है। होटलों में जाकर खाना या फास्ट फुड़ खाना पड़ता है। ये चीज़ें चाहे स्वादिष्ट होती है, परंतु इनका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। कई बीमारियाँ आती हैं।

लंबे अर्से तक बंद कमरे में वातानुकूलित वातावरण में एक ही जगह बैठकर कंप्यूटर की रोशनी को देखते रहने से कई तरह की परेशानियाँ हो रही है। आँखों की खराबी, सांस की बीमारियाँ, पीठ व गले में दर्द, दबाव, ब्लड प्रेशर, (रक्त छाप) आदि के शिकार होते है।

ऐसे लोगों को सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए न फुरसत रहती है न शक्ति रहती। रिश्ते तथा कई शादियाँ टूट जाती हैं।

रात भर काम करने में कई खतरे भी हैं। लड़कियों के लिए भी अनेक परेशानियाँ हैं।

समस्याओं का समाधान :

संस्थाओं के व्यवस्थापक इन कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इन्हें योगाभ्यस और ध्यान के कार्यक्रमों में भेजते हैं। कई खेल आयोजित किए जाते हैं। परिवार दिवस, सैर आदि का प्रबंध करके मेल-जोल बढ़ाते हैं और तनाव को कम करने की कोशिश करते हैं। कर्मचारियों की सुरक्षा का भी प्रबंध किया जा रहा है।

उपसंहार :

सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग आज का आकर्षण है। इस उद्योग में कई खूबियाँ हैं और कमियाँ भी हैं। लेकिन हमें विश्वास है कि इनमें धीरे-धीरे संतुलन स्थापित होगा।

❊ ❊ ❊ ❊

6. भारतीय समाज पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव

प्रस्तावना :

प्राचीनकाल से ही भारत में विश्वास भावना, आस्था, धर्म, रीतिरिवाज़ एवं परंपराओं को अत्यधिक महत्व देते आ रहे हैं। भारत की संस्कृति आध्यात्म प्रधान संस्कृति हैं।

पाश्चात्य संस्कृति भौतिक प्रधान है अर्थात्, वहाँ बाहरी साधना का महत्व अधिक है। लेकिन आज की पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता की ओर आकृष्ट है।

आधुनीकीकरण एवं पाश्चात्यीकरण :

आजकल की युवा पीढ़ी आधुनिकीकरण एवं पाश्चात्यीकरण दोनों को एक दूसरे का पर्याय समझते है–यह गलत है। आधुनिकीकरण का अर्थ हैं, परंपराओं से चलती आनेवाली व्यवस्थाओं में आधुनिक अपेक्षाओं के अनुसार परिवर्तन एवं परिवर्धन करना। उदाहरण के लिए–तेल से जलनेवाले दीपक के स्थान में, आवश्यकता के अनुसार बिजली दीपक का प्रयोग करना।

पाश्चात्यीकरण का अर्थ है, पाश्चात्य देशों में, उनके भौगोलिक तथा अन्य कारणों के आधार पर जो परंपराएँ चलती हैं, उनका बिना किसी सोच-विचार के, अपनाना और अनुसरण करना। उदाहरण के लिए पश्चात्य देशों में ठंड अधिक होने के कारण मोटे-मोटे सूट-टाई आदि पहनते हैं। हमारे देश में गरमी अधिक है। यहाँ सूती कपड़े ही उपयुक्त है। लेकिन पाश्चात्य प्रभाव के कारण यहां के लोग सूट-टाई पहनते हैं।

अर्थात् परंपराओं से चल रहे मूल्यों को आत्मसात करते हुए आधुनिक मूल्यों का अनुकरण करना आधुनिकीकरण है। आँखें मूंदकर पाश्चात्य देशों की संस्कृति का अनुकरण करना आधुनिकीकरण नहीं है।

पाश्चात्य संस्कृति का अवाँछित परिणाम :

पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण संयुक्त परिवार प्रणाली का विघटन हो रहा है। विवाह में रहनेवाली श्रद्धा कम होती जा रही है। 'स्त्री-पुरुष समानता का अर्थ गलत रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इससे परिवार में अशांति फैलती है।

अधिकांश लोग अब भाग्य की अपेक्षा कर्म पर विश्वास करने लगे हैं। आधुनिकता आज समय की मांग है। लेकिन इसीके साथ-साथ पाश्चात्य भौतिकावादी दृष्टिकोण ने लोगों को यांत्रिक बना दिया है। पाश्चात्य प्रभाव के कारण लोगों के बीच आत्मीयता एवं स्नेहपूर्ण संबंध समाप्त होते जा रहे हैं।

पाश्चात्य संस्कृति का सकारात्मक पक्ष :

हमें यह नहीं सोचना है कि पाश्चात्य सभ्यता संपूर्ण रूप में अवाँछित हैं। लेकिन, उसमें भी कुछ सकारात्मक बात है। हमें भारतीय संस्कृति की परंपराओं को सहेजकर रखने के साथ-साथ पाश्चात्य संस्कृति के आधुनिक एवं उपयुक्त मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब मनुष्य की बौद्धिकता के साथ-साथ रागात्मकता का विकास हो।

उपसंहार :

'कामायनी' के रचयिता जयशंकर प्रसाद ने श्रद्धा ओर इडा के समन्वय पर बल दिया है। श्रद्धा भारतीयता को सूचित करती है, तो 'इड़ा' पाश्चात्यता को। मानवता की रक्षा और उसके विकास के लिए पूरब और पश्चिम का संतुलित मिलन आवश्यक है।

❁ ❁ ❁ ❁

7. बेकारी (बेरोज़गारी) की समस्या

प्रस्तावना :

हर जीवनराशी जीवनयापन के लिए प्रयत्नशील है। चींटी से लेकर हाथी तक सभी पशु और पक्षी अपने जीवन की रक्षा के लिए आहार की खोज में लगे रहते हैं। पक्षी सूर्योदय के साथ ही आहार की खोज में जाकर अपना आहार पा लेते हैं। जानवर भी सूर्योदय से लेकर संध्याकाल तक अपने आहार निमित्त प्रयत्नरत है। मनुष्य अपना आहार धन देकर प्राप्त करता है और धन कमाने के लिए नौकरी या कोई काम करता है। युवा अवस्था के बाद हर एक मनुष्य नौकरी की तलाश में रहता है। यदि उसे नौकरी नहीं मिली तो वह निराश और हताश हो जाता है। संस्कृत कहावत है कि – 'उद्योगिनं पुरुष सिंह उपैति लक्ष्मीः दैवेन देयं

इति का पुरुषाः वदन्ति।' अर्थात् परिश्रमी पुरुष संपत्ति अर्जित करता है। लेकिन कायर भाग्य के भरोसे बेकार रहता है। अतः यह निष्कर्ष है कि मनुष्य को परिश्रमी होना है।

समस्या का कारण :

अब हम देखें कि बेकारी की यह समस्या क्यों उठती है। पढ़ाई पूरी करने के बाद अधिकतर लोग नौकरी की ही खोज में रहते हैं। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में छात्र-छात्राएँ स्कूल या कालेज की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होते हैं। प्रतिवर्ष उतनी संख्या में नौकरियाँ मिलना असंभव है। अतः प्रतिवर्ष नौकरी न पानेवालों की संख्या बढ़ती जाती है। साल प्रति-साल नौकरी न पानेवाले लोगों की संख्या में वृद्धि ही होती रहती है। आज बेकारी और बोरोज़गारी एक समस्या के रूप में उठ खडी हुई है।

भारत में बेकारी के कई कारण हैं। भारतीय युवा पीढ़ी परिश्रम के महत्व को भूल गयी है और सफेद पोश नौकरी के पीछे पागल बनी है। अतएव अध्ययन पूरा करने के बाद सबके सब सरकारी या सार्वजनिक कार्यालयों में नौकरी पाने की खोज में जाते हैं। सब के लिए मन पसंद की नौकरी मुहैया नहीं कर सकते। तो इस समस्या का समाधान कैसे करें?

समस्या के समाधान में सरकार का योगदान :

इस समस्या के समाधान के लिए सरकार कई प्रकार से प्रयत्न कर रही है। रोज़गार नियोजन कार्यालय (एम्प्लायमेंट एक्सचेंज) द्वारा बेरोज़गार लोगों को रोज़गारी दिलाने का प्रयत्न कर रही है। बैंक, बीमा कंपनियाँ, केन्द्र सरकार संगठन आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम अनेक योग्य युवाओं को नौकरी प्रदान करते हैं। अनेक निजी कंपनियाँ भी इसमें योगदान दे रही हैं। परंतु यह समस्या इतनी विकट होती जा रही है कि इसका समाधान चुनौती भरा है।

समस्या समाधान के लिए सुझाव :

हमें दस्तकारी और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करना है जिससे कारीगरों को उपयोगी रूप में नियुक्त किया जा सकता है। इन कारीगरों को सही प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि वे अपने पैतृक व्यवसाय आसानी से चला सके। तमिल में एक कहावत है–"हस्तकला सीखें" (कैत्तोलिल पलगु) विद्यार्थियों को किसी न किसी हस्तकला में निपुणता हासिल करनी है। सिलाई, नक्काशी, शिल्प कला– जैसे अनेक कलाएँ हैं। इनमें हुनर प्राप्त करें तो हमें किसी नौकरी की तलाश में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। आत्म निर्भर रह सकते हैं। जापान के घर घर में एक छोटा सा कारखाना रहता है। उद्यमी व्यक्ति के लिए सैकड़ों काम उपलब्ध है।

सरकार को लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों को बढावा देना है। जो लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों में उत्पन्न होता है वह कल-कारखानों में उत्पन्न न किया जाये। ग्रामों का विकास भी साथ-साथ करना है।

खेतीबाडी का विकास ऐसा करना है कि गाँव में कोई बेरोजगार न रहे। किसान लोगों को खेतीबाड़ी के अलावा मवेशी पालन, मुर्गी पालन आदि अनेक मार्ग अपनाना है।

शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन किया जाना है, रोज़गारी अवसर प्रदान करनेवाली क्षमताओं को बढ़ाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक परिवर्तन की आवश्यकता है। कलकारखाने और लघु उद्योगों या कुटीर उद्योगों में होड़ न रहें पर एक दूसरे की पूरक बनें।

उपसंहार :

बेकारी भारत की ही समस्या नहीं, वह एक विश्व समस्या है। भारत विशाल देश है और उसकी जनसंख्या भी अधिक है। अतः यह समस्या यहाँ भंयकर रूप में दिखाई पड़ती है। अगर युग पीढ़ी आत्मनिर्भर रहकर उद्यमी रहें तो यह समस्या अपने आप सुलझ जाएगी।

❊ ❊ ❊ ❊

8. दैव दैव आलसी पुकारा

प्रस्तावनाः

मानव या तो भाग्यवादी रहता है या पुरुषार्थी। भाग्यवादी मनुष्य भाग्य के सहारे जीता है। असफल होने पर भाग्य को कोसता है तथा सफलता मिल जाने पर स्वयं को भाग्यशाली मान बैठता है, जबकि पुरुषार्थी पुरुषार्थ पर भरोसा करता है। वह भाग्य की सत्ता को नकारकर परिश्रम को महत्व देता है। वह भाग्य को अपना दास बना लेता है। भाग्यवादी मनुष्य सभी कार्य भाग्य के भरोसे छोड़कर आलसी जीवन जीता है। रामचरित मानस के सुन्दर काण्ड में कहा गया है – "कायर मन कहूँ एक अधारा, दैव दैव आलसी पुकारा।" अर्थात् कायर एवं आलसी लोग अपने आलसीपन के लिए दैव एवं भाग्य का बहाना देते हैं।

पुरुषार्थ की उपयोगिता :

धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष जैसे तत्वों को मिलाकर पुरुषार्थ बनता है। भारतीय ऋषि-मुनियों ने भी इन्हें जीवन का लक्ष्य बताया है। इन चार तत्वों को जिसने प्राप्त कर लिया वह जीवन के सभी सुख प्राप्त करता है। ये तत्व परिश्रम तथा दृढ़ निश्चय द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं। ऐसे परिश्रमी व्यक्ति के कदम लक्ष्मी भी चूमती है। क्योंकि कहा गया है – **'उद्योगिनं पुरुष सिंह उपैति लक्ष्मीः'।**

पुरुषार्थी व्यक्ति घर, कार्यालय तथा सभी स्थानों में सम्मान पाता है, क्योंकि वह किसी पर आश्रित नहीं होता। अर्थात् पुरुषार्थी को उसके लक्ष्य में सफलता अवश्य मिलती है। पुरुषार्थ से ही मनुष्य का जीवन बाधारहित होता है। क्योंकि वह अपने रास्ते में आयी बाधा को अपने उच्च मनोबल तथा पुरुषार्थ के बल पर

पार कर जाता है। संसार का प्रत्येक सुख, समृध्दि, वैभव कर्मठ व्यक्ति के चरणों तले न्योछावर हो जाते हैं। हमारा इतिहास ऐसे महापुरुषों के उदाहरणों से भरा पड़ा है।

भाग्यवादी दृष्टिकोण :

आलसी व्यक्ति 'दैव' अर्थात् भाग्य को अपने रक्षा कवच के रूप में प्रयोग करते हैं। ऐसे लोगों का विचार होता है कि "होता वही है, जो किस्मत में लिखा होता है, इसलिए अधिक भाग-दौड़ करने से कोई लाभ नहीं है।" लेकिन पुरुषार्थ के साथ यदि भाग्य भी मिल जाता है तो आदमी सफलता की शिखर छूता है। केवल भाग्य के सहारे कुछ भी संभव नहीं है। भाग्यवादी मनुष्य अपने पक्ष में अनेक तर्क ढूँढ़ लेता है। पुरुषार्थी काम करने का मार्ग किसी भी तरह ढूँढ पाता है।

आलस्य बड़ा शत्रु :

मनुष्य का सबसे कटु शत्रु आलस्य ही है। यह मनुष्य की समस्त चेतनाएँ नष्ट कर देता है। आलस्य से भौतिक तथा आध्यात्मिक शक्तियों का पतन होता है। आलसी व्यक्ति अपने जीवन से निराश होकर गुमनामी तथा अभाव में जीता है। आलसी विद्यार्थी कभी परीक्षा में अच्छे अंक नहीं प्राप्त करता। आलसी व्यापारी अपना व्यापार आगे नहीं ले जाता। आलसी कर्मचारी अपने यजमान को प्रसन्न नहीं कर सकता। आलसीपन घर, परिवार, दफ़्तर, स्कूल, देश, विश्व सभी के लिए हानिकारक है।

उपसंहार :

आज तो हम विज्ञान के आविष्कारों का लाभ उठा रहे हैं। ये आविष्कार वैज्ञानिकों की लगन तथा पुरुषार्थ का ही परिणाम है। जब हम दूसरों के परिश्रम के फल का आनंद उठाते हैं, तब हमारे परिश्रम से समाज को कुछ प्रदान करने का कर्तव्य को भी याद रखना चाहिए।

❊ ❊ ❊ ❊

9. दीपावली

परिचय :

त्योहार एक विशेष दिन है जिसके पीछे कोई न कोई धार्मिक कारण रहता है। इस दिन लोगों के मन में एक अद्‌भुत उत्साह भर जाता है और खुशी का माहौल फैल जाता है। त्योहार खुशी मनाने का दिन होता है। इस दिन में लोग आपसी भेदभाव भूल जाते हैं। परिवार के सदस्य एक साथ मिलकर आपसी प्रेम बांटते हैं, बड़े छोटे को आशीर्वाद और भेंट देते हैं। हर धर्म के अपने-अपने विशेष त्योहार होते हैं।

दीपावली :

दीपावली या दीवाली – दीपों की आवली या दीपों की कतार – यानी दीपों का त्योहार। यह प्रकाश का त्योहार है। प्रकाश अंधकार को दूर करके उजाला या चेतना फैलाता है। यह अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भारत के लगभग सभी धर्मवाले दीपावली का आनंद मनाते हैं।

दीपावली मनाने का कारण :

दीपावली त्योहार मनाने के संबंध में दो कहानियाँ प्रचलित हैं। श्रीकृष्ण और सत्यभामा ने नरकासुर नामक असुर का वध करके सबकी रक्षा की। उस दिन की याद में लोगों ने दीप जलाकर अपनी खुशी प्रकट करते हैं। दीप जलाकर अज्ञान पर ज्ञान की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत प्रदर्शित किया जाता है। यह भी कहा जता है कि जब श्रीराम रावण का वध करके, अपने वनवास को समाप्त कर सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या वापस आए तो लोगों ने अपने घरों में दीप जलाकर उनका स्वागत खुशी-खुशी किया। जो भी हो, दीपावली प्रकाश का त्योहार है और इसके साथ खुशियाँ और प्यार की भावनाएँ जुड़ी हैं।

दीपावली कैसे मनाते हैं?

दीपावली के दिन लोग सुबह उठकर स्नान करके नए कपडे पहनकर आतिशबाजी छोड़ते हैं। पटाखें जलाकर आनंद मनाते हैं। घरों में तरह-तरह के पकवान बनाते हैं। रिश्तेदारों और मित्रों के घर जाकर उनसे मिलकर एक दूसरे को भेंट और मिठाइयाँ देते हैं, बड़ों से आर्शीवाद प्राप्त करते हैं। रात के समय लोग घर को दीपों से सजाते हैं। शाम के वक्त लोग लक्ष्मीपूजा करते हैं। यह माना जाता है कि यह पूजा करने से धन संपत्ती की वृध्दि होती है। कुछ लोग धनतेरस के नाम पर सोना, चाँदी खरीदते हैं। यह दौलत का प्रतीक है। व्यापारी लोग इस दिन नया खाता खोलते हैं। कुछ लोगों के लिए यह नववर्ष की शुरुआत होती है। उत्तर भारत में रात के समय मज़ा शोर के साथ दीपावली मनाते हैं। दक्षिण भारत में सुबह तड़के उठकर पानी में गंगाजल मिलाकर तेल स्नान करते हैं। इससे पवित्रता प्राप्त करने का विश्वास है। देश का कोई भी भाग हो– पूजन, भजन, दीपक, नए कपडे, पटाखें, भेंट और आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना के साथ दीपावली त्योहार मनाया जाता है।

आधुनिक दीपावली :

आजकल कई लोग दीपावली के दिन अनाथाश्रम या वृद्धाश्रमों जाकर गरीब एवं निस्सहाय लोगों को अच्छा खाना, नये कपडे आदि देकर अपनी खुशी और उत्सव को सार्थक बनाते हैं। पटाखों के कारखानों में बाल मज़दूरी का प्रचलन है। अलावा पटाखों के कारण प्रदूषण फैलता है। इससे कई लोग पटाखे नहीं खरीदते। आजकल लोग वातावरण और पर्यावरण की शुध्दता को मद्दे नज़र रखते हुए आतिशबाजी कम करते हैं।

उपसंहार :

हर त्योहार के बुनियाद में अच्छाई की विजय का संदेश निहित है। खुशी मनाकर भगवान की याद करना हर उत्सव का आधार है। दीपावली जैसा लोकप्रिय उत्सव भी इसी बात को प्रकट करता है।

10. पोंगल – मकर संक्रांति

प्रस्तावनाः

यों तो संक्रांति प्रत्येक मास में होती रहती है पर सूर्य का मकर और कर्क राशियों में संक्रमण विशेष महत्व का होता है। ये दोनों संक्रमण छः छः मास के अंतर होते हैं। मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण संक्रमण और कर्क-संक्रांति सूर्य के दक्षिणायन संक्रमण को सूचित करता हैं। उत्तरायण काल में दिन लंबा होता है और रात छोटी होती है। दक्षिणायन काल में रात लंबी और दिन छोटा होता है।

'पोंगल'– नाम का कारण :

पोंगल तमिल भाषियों का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। इसको 'मकर संक्रांति' भी कहते हैं। यह मकर राशि में सूर्य के प्रवेश के समय मनाया जाता है। अतः उसे मकर संक्रांति कहते हैं। यह उत्तरायण का प्रारंभ होने को सूचित करता है। कृषक लोग धान और ईख की फ़सलें काटकर अपने छः महीने के परिश्रम का फल पाने के आनंद में सूर्य देवता को मूँग का अन्न (तमिल में 'पोंगल') चढ़ाकर पूजा करते हैं। अतः इस त्योहार को तमिलभाषी 'पोंगल' के नाम से मनाते हैं।

पोंगल का पूर्वदिन 'भोगी' के नाम से मनाया जाता है। उस दिन सूर्योदय के पहले ब्रह्ममुहूर्त में घर के पुराने कूडे-करकट जलाकर 'भोगी-भोगी' कहकर छोटे-छोटे लड़कों से लेकर बूढ़े तक मनाते हैं। पोंगल के दिन जिस शुभ घडी में सूर्य का मकर राशी में प्रवेश होता है उस समय मूँग का अन्न पकाते हैं। जब वह अन्न उबलकर ऊपर आता है, तब घर के स्त्री-पुरुष, छोटे-बड़े, सब लोग 'पोंगलो पोंगल' कहकर सूर्य देवता को आरती दिखाकर त्योहार मनाते हैं।

पोंगल के एक महीने पहले से ही सब अपने घर को लीपा पोतीकर, दीवारों पर भिन्न-भिन्न रंगों से सजाते हैं। गली कूचों में, बाजार में चहल-पहल अधिक होने लगती है। बाज़ार में जाकर नये कपड़े खरीदते हैं, नये कपडे सिलवाते हैं और पोंगल के दिन नये कपड़े पहनकर मित्रों और बंधु-बांधवों के बीच में मिठाई के साथ, पान सुपारी, फल, ईख आदि बांट देते हैं।

कृषकों का त्योहार :

यह त्योहार मुख्यतया कृषकों का त्योहार माना जाता है। गाय, बैल, भैंस आदि कृषकों की संपत्ति हैं। छः महीने खेतीबाडी के परिश्रम का फल वे पाते हैं। वह दिन उनके लिए इतना बडा पर्व का दिन होता है कि श्रमिकों को और खेत में काम करनेवाले मज़दूरों को इनाम आदि देते हैं। नये कपड़े, मिठाई अथवा रकम आदि भी दिया जाता है।

माट्टु पोंगल :

पोंगल का अगला दिन ढ़ोरों का, मवेशियों का दिन माना जाता है। मवेशियों को तमिल भाषा में 'माडु' कहते हैं। अतः वह दिन माट्टु पोंगल के रूप में मनाया जाता है। मवेशियों के द्वारा खेत जोता जाता

है। गाय, भैंस से दूध, दही, घी आदि प्राप्त होते हैं। वे अपनी खुशी, पशु सपंत्ति के साथ मनाते हैं। उस दिन सभी मवेशियों को खूब नहलाकर उनके सींगों पर रंग चढ़ाकर, छकड़ों का साफ़ करके, मवेशियों को छकडों में जोतकर शामको उनका जुलूस निकालते हैं। 'पोंगलो पोंगल' कहते-कहते उन छकड़ों में बंधे बैलों को प्रोत्साहित करते हैं। गाँवों में माट्टुपोंगल का आकर्षक दृश्य देखा जा सकता है। छकड़ों में ग्राम के बच्चे नये कपड़े पहनकर बैलों में बैठकर चिल्लाते, शोर मचाते, आनंद मनाते हैं।

काणुम पोंगल :

पोंगल के तीसरे दिन 'काणुम पोंगल' कहते हैं। उस दिन श्रमिक, मज़दूर लोग अपने-अपने यजमानों से मिलकर इनाम पाते हैं। इसे कृषकों का दिन अथवा 'तिरुवल्लुवर दिन' के नाम से तमिलनाडु सरकार मनाती है।

तिरुवल्लुवर दिवस :

पोंगल समारोह के एक अंश के रूप में तमिल भाषा के संत कवि 'तिरुवल्लुवर' की प्रशस्ति में तिरुवल्लुवर दिवस मनाया जाता है। तिरुवल्लुवर ने अपने तिरुक्कुरल में कृषि संबंधी अनेक जानकारियाँ दी हैं। इसलिए यह पोंगल के साथ मनाया जाता है।

जल्लिकट्टु :

उस दिन 'जल्लि कट्टु'नाम से एक स्पर्धा चलायी जाती है। स्पर्धा गाँव के युवकों में होती है। मुख्य-मुख्य कृषकों की बस्तियों में गाँव के मज़बूत साँड के सींग में ताड़ के पत्तों के गुच्छे के साथ एक कपडे में रुपये बांधकर दौड़ाया जाता है। जो युवक उस साँड को अपने वश में करके उसे पछाडेगा उसको वे रुपये मिलेंगे। गाँव भर के लोग खचा-खच इकट्ठे होकर वह स्पर्धा देखेंगे।

विभिन्न राज्यों में पोंगल त्योहार :

उत्तर-पूर्व में मकर-संक्रांति को 'खिचड़ी' कहते हैं। इस दिन लोग खिचडी ही खाते हैं और खिचड़ी तथा तिल का लड्डू दान करते हैं। महाराष्ट्र में विवाहित युवतियाँ पहले संक्रांति को तेल, कपास, नमक आदि सौभाग्यवती स्त्रियों को देती हैं और सौभाग्यवती स्त्रियाँ अपनी सहेलियों को हल्दी, रोटी, तिल और गुड़ देती हैं। पंजाब में यह त्योहार लोहडी के रूप में मनाया जाता है। गंगासागर में इस दिन बड़ा भारी मेला रहता है।

उपसंहार :

त्योहार मानव के दुखमय जीवन के बीच में आनंद देने के लिए, व्यापारियों, श्रमिक-मज़दूरों के जीवन में सरसता लाने के लिए मनाये जाते हैं। पोंगल के त्योहार में हमें जीवन शक्ति देनेवाले सूर्य देवता की पूजा की जाती है। उसके कारण ही वर्षा होती है। इससे खेती का काम सुखमय संपन्न होता हैं।

❀ ❀ ❀ ❀

11. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

भूमिका :

अबुल फ़कीर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम यानी हमारे प्रिय डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भारत के ग्यारहवाँ राष्ट्रपति थे। उनका जीवन हर आदमी के लिए एक उदाहरण है। उनसे हमें बहुत बातें सीखने को मिलती हैं और कुछ कर दिखाने का प्रोत्साहन मिलता है।

जन्म और शिक्षा :

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम शहर में 1931 ई. में एक साधारण परिवार में हुआ। अब्दुल कलाम में कुछ कर दिखाने का जोश पहले से ही था। कई मुश्किलों का सामना करते हुए उन्होंने पढ़ाई की। विज्ञान में विशेष रुचि होने के कारण वे विज्ञान में पूरा ध्यान देकर पढ़ते थे। उनकी बुद्धि तीव्र थी और अनुसंधान में विशेष लगाव था।

कार्यक्षेत्र :

हैदराबाद स्थित सेना अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला में आपने काम किया। उनके नेतृत्व में कई खोज़ कार्य हुए और नई तकनीकी का प्रयोग हुआ।

उपलब्धियाँ :

देश सुरक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई वैज्ञानिक अनुसंधान करके नये-नये प्रक्षेपणास्त्र का आविष्कार किया। अग्नि, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल आदि प्रक्षेपणास्त्र बनाकर भारत को बुलन्दियों पर पहुँचा दिया। रक्षा के अन्तर्राष्ट्रीय अस्त्रों की बराबरी करने में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नेतृत्व में भारत सक्षम साबित हुआ। उन्होंने यह भी दिखाया कि विज्ञान में कोई भी खोज सार्थक ही रहती है। उन्होंने यह साबित किया कि भारतीय वैज्ञानिकों में विशेष क्षमता और प्रतिभा है और भारत का नाम संसार के विकसित देशों की सूची में रहेगा।

सन् 2020 ई. में भारत :

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का **'सन् 2020 ई. सपना'** बहुत ही प्रेरणादायक है। वे चाहते थे कि 2020 तक भारत विकास के उच्च्व स्तर पर होगा। उनकी चाह थी कि शिक्षा, अनुसंधान, विज्ञान आदि क्षेत्रों में भारत प्रथम स्थान में पहुँच जाए। आज हम उनके सपने का साकार होते देख रहे हैं।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का व्यक्तित्व :

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एक तपस्वी जैसे सरलता का जीवन बिताते थे। वे दिन में 18 घंटे काम करते थे। संगीत में विशेष रुचि होने के कारण वीणा बज़ाते थे और रोज़ संगीत का रियाज़ करते थे। वे अपने गुरुओं को अपनी प्रेरणा मानते थे। उन्होंने अपने बचपन और यौवन में कई संघर्षों का सामना किया। पर हर मुश्किल का सामना करके अपनी क्षमता और शक्ति को बढ़ाया। किसी भी परिस्थिति में आप

सहयोगी वैज्ञानिकों के प्रति आदर और प्रेमपूर्ण व्यवहार करते थे। अध्यापन कार्य उन्हें बहुत प्रिय था। वे राष्ट्रपति पद से निवृत्त होने के बाद अध्यापन कार्य में लग गये थे। राष्ट्रपति भवन में रहते समय भी उन्होंने बहुत सरल जीवन बिताया। अपनी आत्मकथा 'अग्नि के पंख' (wings of fire) में अपने जीवन के भिन्न पहलुओं का वर्णन किया है।

बच्चों के प्रति लगाव :

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलम को बच्चे और विद्यार्थियों के प्रति बहुत लगाव था। उनसे मिलकर उनके प्रश्नों का उत्तर देकर, उनके उत्साह को बढ़ावा देना उन्हें बहुत पसंद था। उनका मानना था कि बच्चे अगर शुरू से सही रास्ते पर लगाए जाते हैं तो हमारा भारत संसार का सर्वश्रेष्ठ देश बनेगा।

राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम :

25 जुलाई सन् 2002 ई. में इस महान आदमी ने राष्ट्रपति का पद ग्रहण किया। उन्होंने दिखाया कि राजनीति में सरलता और ईमानदारी संभव है। अपने कार्यकाल में आप देश की उन्नति करने में ही लगे रहे। आप अपने संपूर्ण कार्यकाल में सरलता ही का अनुसरण किया।

उपसंहार :

यह भारत का सौभाग्य है कि उसे डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे राष्ट्रपति मिले। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के सपनों का साकार करना हमारा कर्तव्य है।

❃ ❃ ❃ ❃

12. महात्मा गाँधी

भूमिका :

भारतीय जनता में देश की स्वतंत्रता के लिए संग्राम करने की प्रेरणा का बीज 1885 ई. में बोया गया था। इस बीज को पूर्ण रूप से अंकुरित करने और पनपने देने का श्रेय महात्मा गाँधी को ही जाता है। अपने जीवन के आरंभ काल से ही सत्य के लिए अहिंसात्मक रीति से लड़ने में मोहनदास करमचंद गाँधी जी तत्पर थे। वे मानते थे कि मानव मात्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए मानव को सब प्रकार से मुक्त रहना आवश्यक है। अतएव आपने भारतीयों की पूरी स्वतंत्रता के लिए अहिंसात्मक संग्राम आरंभ किया।

जन्म और प्रारंभिक जीवन :

2, अक्टूबर 1869 में करमचन्द गाँधी और पुतली बाई की सन्तान के रूप में पोरबन्दर में जन्मे मोहनदास अपने स्कूली जीवन में साधारण छात्र के रूप में ही थे। परन्तु अपनी माता से रामायण, हरिश्चन्द्र की कथाओं को सुनकर तथा पिता के अनुसरण में सत्य आचरण सीखकर मोहनदास सच्चरित्रवान बने। आप इंग्लैंड में बारिस्टर की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर वकालत करने आफ्रीका गये। वहाँ प्रवासी भारतियों और

आफ्रीका के निवासियों पर अंग्रेज़ शासकों द्वारा जो अत्याचार हो रहा था, उसे देखकर उनका खून खौलने लगा। वहाँ के लोगों की बुरी दशा को दूर करने के लिए गाँधीजी ने अंग्रेज़ी सत्ता के विरुद्ध सत्याग्रह किया और उसमें सफलता पायी। दक्षिण आफ्रीका में प्राप्त सफलता के साथ गाँधीजी 1915 में भारत वापस आये।

सत्याग्रह आंदोलन :

भारत में निलहे गोरों के द्वारा भारतीय जनता पर जो पाशविक अत्याचार हो रहा था उसके विरुद्ध गाँधीजी ने चम्पारण में सत्याग्रह किया। उसमें वे पूर्ण रूप से सफल हुए।

इसके बाद के आंदोलनों में भी वे सत्य और अहिंसा के प्रयोग द्वारा अंग्रेज़ सरकार की दमन नीति का सामना करने में उत्तरोत्तर सफल होते गये। तदनुसार भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई और उन्होंने सर्वप्रथम विश्व को अहिंसा का राह दिखाया। गाँधीजी ने देखा, अनुभव किया कि मानव की सर्वांगीण उन्नति के लिए उसे सत्य और अहिंसा का सहारा लेना आवश्यक है।

बुनियादी शिक्षा का प्रवर्तन :

भारतीय जीवन के सभी क्षेत्रों में उन्नति लाने के लिए उनका हृदय-परिवर्तन आवश्यक था। अतः जनता को सही रास्ते पर ले चलने के लिए, सबको समान अधिकार दिलाने के लिए गाँधीजी ने कई बार अनशन व्रत किया। अंग्रेज़ों की शिक्षा-नीति से असंतुष्ट होकर गाँधीजी ने 'बुनियादी शिक्षा' नाम से एक नयी शिक्षा प्रणाली का प्रवर्तन किया।

पत्रिकाएँ :

'हरिजन' नामक पत्रिका चलाकर उसके द्वारा हरिजनोद्धार का मार्ग दिखाया। 'यंग इंडिया' शीर्षक पत्रिका द्वारा भारतीय समाज को नई दिशा दिखायी।

वे सभी धर्मों को समान मानते थे। अतएव अपनी प्रार्थना सभा में सर्वधर्म प्रार्थना करते थे।

हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना :

दक्षिण भारत में हिन्दी का प्रचार करने के लिए गाँधीजी ने 'दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा' की स्थापना की थी और अपने तीसरे पुत्र देवदास गाँधी को प्रथम प्रचारक के रूप में मद्रास भेजा था।

कस्तूरबा गाँधी का योगदान :

गाँधीजी की सामाजिक सेवा, राजनीतिक कार्य, धार्मिक कार्य सबमें उनकी पत्नी कस्तूरबा ने खूब साथ दिया। आप उनका साथ देकर उनकी सहायता उत्साह के साथ करती थीं। यह कहना अत्युक्ति नहीं होगी कि उनकी महानता में कस्तूरबा का बहुत बड़ा हाथ था।

विभिन्न समाज सुधार कार्य :

गाँधीजी ने भारत में हरिजनों की सेवा के लिए हरिजन सेवक संघ, गो संरक्षण के लिए गो सेवा संघ, खादी के प्रचार के लिए खादी ग्रामोद्योग जैसी संस्थाओं की स्थापना करके उनको चलाने के लिए उचित लोगों की नियुक्ति भी की। उनके ऐसे मानवतावादी कार्यों से द्रवित होकर नेताजी सुभाष चंद्रबोस ने उनको 'देश पिता' कहा। रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने उन्हें 'महात्मा' कहा और जनता ने उन्हें 'बापू' कहकर संबोधित किया।

उपसंहार :

महात्मा गाँधी का निधन दि. 30.1.1948 को हुआ था। प्रतिवर्ष तीस जनवरी को त्यागी दिवस के रूप में, शान्ति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

महात्मा गाँधीजी का विश्वास था कि मनुष्य स्वाभावतया अच्छा है। परिस्थितियाँ उसे बुरा या भला बनाती हैं। अतः वे कहते थे कि पापी से घृणा न करो उसके पापों से घृणा करो।

❁ ❁ ❁ ❁

II. पत्र-लेखन

1. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए जिसमें अपने परिवार की आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुए आर्थिक सहायता पाने का (शिक्षण शुल्क से छूट मांगते हुए) निवेदन किया गया हो।

दि. 20.03.2023

सेवा में

प्रधानाचार्य महोदय,

....

....

महोदय,

विषयः आर्थिक सहायता (शिक्षण शुल्क से छूट) पाने के संबंध में।

सादर प्रणाम। विनम्र निवेदन है कि मैं इस विद्यालय की बारहवीं कक्षा का छात्र हूँ। पिता एक फैक्ट्री में काम करते थे। पिछले महीने हड़ताल के कारण कारखाना बंद हो गया। इससे पिताजी बेरोज़गार हो गए हैं। इस स्थिति में वे मेरा मासिक शुल्क देने में असमर्थ हैं। मै अपनी कक्षा में गतवर्ष प्रथम आया था। इसके अलावा मैं विद्यालयी क्रिकेट टीम का कप्तान भी हूँ।

अतः आपसे प्रार्थना है कि मुझे विद्यालय शिक्षण शुल्क से छूट प्रदान करने की कृपा करें ताकि मैं अपनी पढ़ाई जारी रख सकूँ। आपकी इस कृपा के लिए मैं आपका सदा आभारी रहूँगा।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी छात्र

....

.... कक्षा

.... अनुक्रमांक

2. विद्यालय की प्रयोगशाला में आपकी असावधानी से हुए नष्ट पर लगाये गये जुर्माने से माफ़ी माँगते हुए पत्र लिखिए।

सेवा में

प्रधानाचार्य

....

....

विषयः जुर्माना माफ़ करने के संबंध में।

महोदय,

सादर प्रणाम। सविनय निवेदन है कि मैं इस विद्यालय की बारहवीं कक्षा का छात्र हूँ। कल दूसरे पीरियड में प्रयोगशाला में नाइट्रिक एसिड की बोतल मेरे हाथ से छूटकर गिर गई। जिससे बोतल टूट गई और फर्श पर एसिड बिखर गया। अतः मुझपर एक हज़ार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। श्रीमानजी, मुझसे अनजान में हुई गलती की क्षमा कीजिए। मेरे पिताजी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हैं और यह जुर्माना भरने में असमर्थ हैं।

अतः आपसे प्रार्थना है कि मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जुर्माना माफ़ करने की कृपा करें। भविष्य में ऐसी गलती नहीं करूँगा।

सधन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी छात्र

....

.... कक्षा

.... अनुक्रमांक

दिनांक : 19.03.2023

3. विद्यालय के पुस्तकालय के लिए अधिक संख्या में हिन्दी पत्र-पत्रिकाएँ मँगवाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

सेवा में

प्रधानाचार्य महोदय,

....

....

विषयः हिन्दी की पत्र-पत्रिकाओं को मंगवाने के संबंध में।

महोदय,

सादर प्रणाम। मैं इस विद्यालय की बारहवीं कक्षा का छात्र हूँ। इस विद्यालय का पुस्तकालय अत्यंत समृद्ध है। यहाँ बहुत सारी पुस्तकें और पत्र-पत्रिकाएँ मंगवायी जाती हैं। पर इनमें से अधिकांश अंग्रेज़ी में हैं,

इसलिए हिन्दी माध्यम से पढ़नेवाले छात्र पुस्तकालय के संपूर्ण उपयोग से वंचित रह जाते हैं। हिन्दी में अनेक उत्तम पत्रिकाएँ निकलती हैं जैसे 'सुमन-सौरभ', 'कादम्बिनी', 'चम्पक', 'विज्ञान प्रगति' 'आजकल' आदि- इन पत्रिकाओं को मंगवाने की कृपा करें।

इससे हिन्दी माध्यम में पढ़नेवाले छात्र भी लाभान्वित होंगे।

सधन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी छात्र

....

दिनांक : 14.03.2023

4. अपने क्षेत्र के खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को एक नया राशन कार्ड जारी करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

सेवा में

खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी

.... तहसिलदार

.... जिला

विषयः नया राशन कार्ड पाने के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं .... का निवासी हूँ, जो .... तहसील में शामिल है। गत सप्ताह मेरे पिताजी जब दूकान से राशन लेकर लौट रहे थे तभी राशन कार्ड कहीं गिर गया। बहुत ढूँढने पर भी इसका पता न चला। हमने उस दूकान पर भी पता किया कि शायद कोई वहाँ जमा करा गया हो। पर सारा प्रयत्न व्यर्थ रहे। दो दिनों के बाद हमने राशन कार्ड गुम हो जाने की सूचना थाने में दे दी। पर एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने पर भी उसका कुछ पता न चला। अब हमें राशन लेने के लिए नए राशन कार्ड की आवश्यकता है।

अतः आपसे प्रार्थना है कि हमारी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए नया राशन कार्ड प्रदान करने की कृपा करें। हमारा परिवार आपका आभारी रहेगा।

सधन्यवाद।

भवदीय,

(ह./-)

स्थान :..................

दिनांक :..................

5. सीमा सुरक्षा बल, दिल्ली को कुछ लिपिकों की आवश्यकता है। अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत कीजिए।

सेवा में

सहायक कमॉण्डण्ड, (भरती प्रकोष्ट)
सीमा सुरक्षा बल
जडौदा कला, दिल्ली

विषयः लिपिक पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

दिनांक .... को प्रकाशित दैनिक – जागरण समाचार पत्र के विज्ञापन से ज्ञात हुआ कि सीमा सुरक्षा बल, दिल्ली को कुछ लिपिकों की आवश्यकता है। उक्त पद के लिए मैं अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। मेरा आत्म परिचय निम्न प्रकार है–

1. नाम -
2. पिता का नाम -
3. माता का नाम -
4. जन्म तिथि -
5. पता एवं मोबेल नं. -
6. शैक्षिक योग्यताएँ - बी.एस.सी. में प्रथम श्रेणी
7. शारीरिक योग्यता - लंबाई 180 से.मी.
   सीना 80 से.मी.
8. अन्य योग्यता - कंप्यूटर टंकण – 40 शब्द प्रति मिनट। (हिन्दी और अंग्रेज़ी)

घोषणाः मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मैं पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से देश की सेवा करूँगा।

सधन्यवाद।

भवदीय,
.... नाम
.... हस्ताक्षर
.... पता
....

दिनांक :
संलग्न :
1.
2.
3.
4.

6. अपने मित्र को, स्कूल में संपन्न वार्षिक कार्यक्रम का विवरण देते हुए एक पत्र लिखिए।

मेरे प्रिय मित्र नारायणन,

तुम कैसे हो? मैं यहाँ सकुशल हूँ। तुम्हारे माँ-बाप और बहन कैसे हैं?

पिछले सप्ताह मेरे स्कूल में वाषिकोत्सव संपन्न हुआ। इस उत्सव में आने के लिए मैंने तुम्हें निमंत्रण भेजा था। लेकिन तुम न आ पाये। इस उत्सव के संबंध में इस पत्र में लिख रहा हूँ।

इस साल हमारे स्कूल का वार्षिकोत्सव अत्यंत धूम-धाम से संपन्न हुआ। इसमें हमारे राज्य के शिक्षा मंत्री भी पधारे थे। उन्होंने विद्यार्थियों के कर्तव्य पर अत्यंत सारपूर्ण भाषण दिया। हमारे स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मेरी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने मिलकर 'बंदी' एकांकी का नाटक रूप प्रस्तुत किया। इस नाटक में मैं भी शामिल हुआ। हमारे नाटक के लिए दूसरा पुरस्कार मिला।

प्रथम कक्षा से बारहवीं कक्षा तक, प्रथम रैंक प्राप्त सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। अलावा, खेल में, अनुशासन में उत्कृष्ट रहनेवाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार दिये गये। हमारे शिक्षा मंत्री ने पुरस्कार वितरण किया। हमारे स्कूल के प्रधानाचार्य ने स्वागत भाषण दिया। पूरे समारोह का संचालन मेरे मित्र स्वामिनाथन ने सुचारू रूप में किया। समारोह के अंत में मैंने धन्यवाद प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह समाप्त हुआ। अगर तुम आते तो अंतयंत आनंद उठाते।

तुम्हारे माँ-बाप को मेरा प्रणाम समर्मित करना।

प्यार और स्नेह के साथ

तुम्हारा मित्र

.... हस्ताक्षर

एस.गणपति

दिनांक : ....

सेवा में

नारायणन

....

....

....

III. फार्म भरने का तरीका

प्रश्न : 1 आप एम. सतीशकुमार हैं। बैंक आफ बड़ौदा, टी.नगर शाखा, चेन्नई में आपकी बचत खाता संख्या ....123 है। आप आहरण पर्ची (withdrawal form) का इस्तेमाल करके आपकी खाता से रु 5000/- आहरण कीजिए।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

यह फार्म चैक नहीं है।
कृपया पास-बुक के साथ प्रस्तुत करें।
This Form is not a cheque.
Pass Book must accompany this.

① बचत बैंक SAVING BANK

खाता नं./खाते क्र. ACCOUNT NO.

② शाखा Branch

दिनांक/Date ③

मुझे/Pay Self ④

रुपये / Rupees ⑤

अदा करे

₹ ⑥

नकद अदा करे PAY CASH

F-292 34000/12/2016NKE

हस्ताक्षर/सही/Signature ⑦

खातेदार का नाम Name of the a/c holder ⑧

नामांकन सुविधा उपलब्ध Nomination facility available

उत्तरः
1. 123
2. टी. नगर
3. 15.03.2023
4. मुझे
5. पाँच हज़ार मात्र
6. रु. 5000/-
7. हस्ताक्षर
8. एम. सतीशकुमार

प्रश्न : 2 आप के. प्रदीप हैं। भारतीय स्टेट बैंक, सेकन्द्राबाद शाखा में आपकी बचत खाता संख्या ....678 है। जमा पर्ची (Deposit form) का इस्तेमाल करके उपर्युक्त खाते में रु 4800/- जमा कीजिए।

जमा पर्ची/Pay in slip — रोकड़/अंतरण Cash/Transfer

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

खाता क्रं A/C No. ①

दिनांक/Date ②

For the Credit of the account of ③ के खाते में जमा के लिए

रोकड़/चेक का विवरण Details of Cash/Cheque	राशि Amount ₹
④	
₹ शब्दों में Zero only In Words ⑤	

रोकड़िया Cashier	रोकड़ पासर्ता अधिकारि Cash Passing officer	कुल Total ₹	⑥

टिप्पणी : अंतरण लिखतों को भुकतान प्राप्ति बाद जमा किया जाएगा
Note : Transfer Instruments will be credited after realisation

Note : Use Separate slips for depositing Cash, Instruments Drawn on Banks, Clearing Instruments & Outstation Instruments
टिप्पणी : कृपया नकद, बैंक पर आहरित लिखतों समाशोधनलिखतों और अन्य स्थान के लिखतों के लिए अलग-अलग पर्चियों का प्रयोग करें।

जमा पर्ची/Pay in slip — रोकड़/आंतरण Cash/Transfer

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

खाता क्रं A/C No. ① दिनांक/Date ②

For the Credit of the account of ③ के खाते में जमा के लिए

अदाकता बैंक Drawn on Branch	शाखा Branch	चेक नं Cheque No.	रोकड़ Cash विवरण Denomination	राशि Amount ₹	
			x 2000		
			x 500 ④		
			x 100		
			x 50		
			x 20		
			x10		
₹ शब्दों में Zero only In Words ⑤			x 5		
			x 2		
			x 1		

रोकड़िया अंतरण सारणी क्रं Cashier's Transfer Scroll No.	रोकड़िया Cashier	रोकड़ पासर्ता अधिकारि Cash Passing officer	जमाकर्ता के हस्ताक्षर Signature of Depositor ⑦	सिक्के Coins / कुल Total ₹	⑥

टिप्पणी : अंतरण लिखतों को भुकतान प्राप्ति बाद जमा किया जाएगा Note : Transfer Instruments will be credited after realisation

उत्तरः

1. 678
2. 15.03.2023
3. के. प्रदीप
4. 2 x 2000 = 4000; 8 x 100 = 800
5. चार हज़ार आठ सौ मात्र
6. रु. 4800/-
7. हस्ताक्षर

प्रश्न : 3 आप के. पवन रवीन्द्रा, मल्लेश्वरम, बेंगलूरू के निवासी हैं। कुलसचिव, द.भा.हिं.प्र.सभा, टी.नगर, मद्रास के नाम रु.1000/- की डी.डी. पंजाब नेश्नल बैंक से टी.नगर शाखा में भुगतान हेतु प्राप्त करें।

प्र.का.: 7, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली
H.O.:7, Bhikaji Place, New Delhi

शा.का./.B.O.: ①

दिनांक/Date ② / /20

नकद/चेक/भुगतान आदे/बचत निधि/ओडी/सीसी के नाम से ③ आरटीजीएस/एनईऊटी/ ड्राफ्ट के अनुरोध के साथ प्राप्त हुए।
Received Cash / Cheque / Pay Order/request to debit/ SF/CA/OD/CC with ₹ ④

(Rupees in words ⑤)

towards RTGS/NEFT/DRAFT

पक्ष में/Fvg.:

बैंक/Bank.: ⑥

शाखा/Branch .:

खाता संख्या/Account No.: ⑫

आईएफएस कोड/IFS Code.: ⑦

प्राप्ति की तारीख/Date of Receipt.:

प्राप्ती की समय/Time of Receipt.:

पंजाब नेशनल बैंक punjab national bank

आवेदन फार्म APPLICATION FORM — आरटीजीएस RTGS — एनइएफटी NEFT — ड्राफ्ट DRAFT
(जो लागू न हो उसे काट दे Strike down which is not applicable)

दिनांक Date ② / /20

शा.का./.B.O.: ①

कृपया नीचे बताये अनुसार ③ पर रुपये ④ (रुपये ⑤ का ड्राफ्ट जारी करें/आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा अंतरित करें पीछे दी गई शर्तों एवं निबंधों के अनुसार।

Please issue drat on /transfer through RTGS/NEFT for
(Rupees (in words) as under as per terms & conditions mentioned overleaf

आरटीजीएस/एनईएफटी के लिए खाता सं./लाभग्राही का नाम Account No. for RTG/NECT/Name of Beneficiary	लाभग्राही बैंक तथा शाखा का नाम Beneficiary Bank & Branch Name	आईएफएससी सं./ शाखा क्रम सं. IFSC No./ Branch Serial No.	राशि Amount ₹	पैP	कमीशन Comm. ₹	जोड़ Total ₹	पैP
नाम Name	⑥	⑦	⑧		⑨	⑩	

कृपया रुपये ⑪ की कुल राशि मेरे बचत निधि / चालू खाते / ओड़ी/सीसी खाता सं. ⑫ के नामे डाल दे अथवा नकद (पृष्ठ भाग पर दिये गये ब्यौरे के अनुसार) प्रस्तुत है।
के नाम आहरित चैक/भुगतान आदेश संख्या संलग्न है। (जो लागू न हो उसे काट दें।)

Please debit the total amout ₹ to my SF/CA/OD/CC Account No.
or I tender ₹ by cash (details overleaf) / enclose cheques pay order No.
drawn on (delete which ever is not applicable).

केवल कार्यालय के प्रयोग के लिए/For official use only
ट्रांजे.आईडी/यूटीआर सं.
TXN ID/UTR No.

खजांची/Cashier — प्राधिकृत अधिकारी/Auth. Officer

आदेवदक के हस्ताक्षर/ Applicant's Sign ⑬

आवेदक का नाम/ Applicants Name ⑭

पता/ Address ⑮

मो.नं/ Mobile No. ⑯

अनुरोध समय/ Time of Request ⑰ पूर्वा.अपरा./ A.M.P.M.

उत्तरः

1. मल्लेश्वरम शाखा
2. 15.03.2023
3. कुलसचिव, द.भा.हिं.प्र.सभा मद्रास, टी.नगर
4. 1000
5. एक हज़ार
6. पंजाब नैश्नल बैंक, टी.नगर
7. xxxxxx
8. 1000
9. रु. 50/-
10. 1050
11. 1000
12. xxxxxx 368
13. हस्ताक्षर
14. के. पवन रवीन्द्रा
15. पता
16. xxxxxx
17. पूर्वाह्न 11.00 बजे

प्रश्न : 4 आप सी. रेमा, त्रिच्चूर की निवासी हैं। प्रधान सचिव, द.भा.हिं.प्र.सभा, टी.नगर, चेन्नई के नाम रु.10 का भारतीय पोस्टल आर्डर प्राप्त करें।



उत्तर:
1. प्रधान सचिव, द.भा.हिं.प्र.सभा, टी.नगर, मद्रास
2. टी.नगर
3. नहीं
4. 15.03.2023
5. सी. रेमा
6. xxxxxxx त्रिच्चूर, केरल

प्रश्न : 5 आप अपने चार मित्रों के साथ चेन्नई से रामेश्वरम जानेवाली हैं। रेलगाड़ी में आरक्षण हेतु फारम भरिए।

उत्तर: 1. रामेश्वरम एक्सप्रेस; 2. 30.12.2022; 3. II; 4. 4; 5. चेन्नै एग्मोर; 6. रामेश्वरम; 7. जी.कलैचेल्वी, के. वल्ली, आर. पद्मावती, एन. तिरुप्पावै, एम. सेल्वन; 8. स्त्री, स्त्री, स्त्री,स्त्री, पु; 9. 25, 28, 30, 27, 21; 10. नि.शा, म.शा, म.शा, नि.शा, नि.शा 11. हस्ताक्षर; 12. xxxx; 13. 15.03.2023; 14. पूर्वाह्न 11.00 बजे

दक्षिण रेलवे SOUTHERN RAILWAY

आरक्षण / रद्दकरण मांगपत्र RESERVATION / CANCELLATION FORM

यदि आप डॉक्टर तो कृपया (✓) का निशान लगाये। आपत स्थिति में आपसे मदद ली जा सकती है। If you are a Medical Practitioner. Please tick(ü)in box. You could be of help in emergency.

यदि आप वरिष्ठ नागरिक रियायत चाहते है तो वाक्य में 'हाँ या नहीं' लिखें। (यदि हाँ, तो कृपया प्रमाण की अनुपस्थिति में किराए का करक वसूल किया जाएगा। यात्रा में के दौरा आयु का प्रमाण साथ रखें)

If you want Sr. Citizen concession, please write 'Yes/No' in box. (If Yes, please carry a proof of age during the journey to avoid inconvenience of penal charging under extant Railway Rules. क्या आप अपग्रेड़ का लाभ साफ़ करना चाहते है? बॉक्स में 'हाँ या नहीं' लिखें। (यदि इस विकल्प का प्रयोग नहीं किया जाता तो पूरे किराए का भुगतान करने वाले यात्रियों को स्वत: अपग्रेड किया जा सकता है)

Do you want to be upgraded? Write Yes/No in the box. If this opetion is not exercised, full fare paying passengers may be upgraded automatically.

गाड़ी का संख्या और नाम Train No. & Name ① .... यात्रा की तारीख Date of Journey ② ....

श्रेणी class ③ .... शायिकाओं/सीटी की सं. No. of Berths / Seats ④ .... स्टेशन से Station From ⑤ ....

स्टेशन तक to ⑥ .... यात्रा का आरंभ करने का स्टेशन Boarding at ....

स्टेशन तक आरक्षण Reservation upto ....

क्र.सं. S.No.	नाम स्पष्ट अक्षरों में (15 अक्षरों से अधिक न हो) Name in Block Letters (not more than 15 letters)	लिंग पु/स्त्री Gender M/F	आयु Age	रियायात/यात्रा प्रधिकार सं. Concession Ticket Authority No.	विकल्प मांगा यदि कोई हो Choice if any निचली शायिका/ऊपर शैय्या Lower/upper/veg.nonveg शाकाहारी/मांसाहारी
1.	⑦	⑧	⑨		⑩
2.					
3.					
4.					
5.					
6.					

5 साल से कम आयु के बच्चे (जिनके लिए टिकट ज़ारी नहीं कि जाते है।) CHILDREN BELOW 5 YEARS (FOR WHOM TICK IS NOT TO BE ISSUED)

क्र.सं. S.No.	नाम स्पष्ट अक्षरो मे Name in Block Letters	लिंग पु/स्त्री Gender	आयु Age
1.			
2.			

आगे की /वापसी यात्रा का विवरण ONWARD / RETURN JOURNEY DETAILS

गाड़ी का संख्या और नाम Train No. & Name.................................... यात्रा की तारीख Date of Journey ....

श्रेणी class .... शायिकाओं/सीटी की सं. No. of Berths / Seats ....

पूरा नाम Name of the applicant ....

पूरा पता Full Address .... आवेदक / प्रतिनिधि की हस्ताक्षर ⑪

.... Signature of the Applicant / Representative

टेलिफोन नं. यदि हा Telephone No. if any ⑫ .... तारीख Date ⑬ .... समय Time ⑭ ....

केवल सरकारी प्रयोग के लिए FOR OFFICIAL USE ONLY

म S.No. Requisition .... PNR No. ....

Seat No. .... Amount Collected ....

Signature of the Reservation Clerk

दक्षिण रेलवे SOUTHERN RAILWAY

आरक्षण / रद्दकरण मांगपत्र RESERVATION / CANCELLATION FORM

यदि आप डॉक्टर तो कृपया (✓) का निशान लगाये। आपत स्थिति में आपसे मदद ली जा सकती है। If you are a Medical Practitioner. Please tick(ü)in box. You could be of help in emergency.

यदि आप वरिष्ठ नागरिक रियायत चाहते है तो वाक्य में 'हाँ या नहीं' लिखें। (यदि हाँ, तो कृपया प्रमाण की अनुपस्थिति में किराए का करक वसूल किया जाएगा। यात्रा में के दौरा आयु का प्रमाण साथ रखें)

If you want Sr. Citizen concession, please write 'Yes/No' in box. (If Yes, please carry a proof of age during the journey to avoid inconvenience of penal charging under extant Railway Rules. क्या आप अपग्रेड़ का लाभ साफ़ करना चाहते है? बॉक्स में 'हाँ या नहीं' लिखें। (यदि इस विकल्प का प्रयोग नहीं किया जाता तो पूरे किराए का भुगतान करने वाले यात्रियों को स्वत: अपग्रेड किया जा सकता है)

Do you want to be upgraded? Write Yes/No in the box. If this opetion is not exercised, full fare paying passengers may be upgraded automatically.

गाड़ी का संख्या और नाम Train No. & Name ......①...... यात्रा की तारीख Date of Journey ......②......

श्रेणी class ......③...... शायिकाओं/सीटों की सं. No. of Berths / Seats ......④...... स्टेशन से Station From

......⑤...... स्टेशन तक to ......⑥...... यात्रा का आरंभ करने का स्टेशन Boarding at ......

स्टेशन तक आरक्षण Reservation upto ......

क्र.सं. S.No.	नाम स्पष्ट अक्षरों में (15 अक्षरों से अधिक न हो) Name in Block Letters (not more than 15 letters)	लिंग पु/स्त्री Gender M/F	आयु Age	रियायात/यात्रा प्रधिकार सं. Concession Ticket Authority No.	विकल्प मांगा यदि कोई हो Choice if any निचली शायिका/ऊपर शैय्या Lower/upper/veg.nonveg शाकाहारी/मॉसाहारी
1.	⑦	⑧	⑨		⑩
2.					
3.					
4.					
5.					
6.					

5 साल से कम आयु के बच्चे (जिनके लिए टिकट ज़ारी नहीं कि जाते है।) CHILDREN BELOW 5 YEARS (FOR WHOM TICK IS NOT TO BE ISSUED)

क्र.सं. S.No.	नाम स्पष्ट अक्षरों मे Name in Block Letters	लिंग पु/स्त्री Gender	आयु Age
1.			
2.			

आगे की /वापसी यात्रा का विवरण ONWARD / RETURN JOURNEY DETAILS

गाड़ी का संख्या और नाम Train No. & Name...... यात्रा की तारीख Date of Journey ......

श्रेणी class ...... शायिकाओं/सीटों की सं. No. of Berths / Seats ......

पूरा नाम Name of the applicant ......

पूरा पता Full Address ......

...... आवेदक / प्रतिनिधि की हस्ताक्षर ⑪

टेलिफोन नं. यदि हा Telephone No. if any......⑫ Signature of the Applicant / Representative

तारीख Date......⑬...... समय Time......⑭

केवल सरकारी प्रयोग के लिए FOR OFFICIAL USE ONLY

म S.No. Requisition ...... PNR No. ......

Seat No. ...... Amount Collected ......

Signature of the Reservation Clerk

प्रश्न : 6

बयो-डेटा (आत्म-परिचय) लिखने का तरीका

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास में मानव संसाधन प्रबंधक (HR Manager) के रूप में काम करने के लिए आप अपना व्यक्ति वृत्त (Curriculam Vitae) तैयार करके प्रधान सचिव के नाम पर भेजिए।

व्यक्ति वृत्त

नाम : सी अभिनव

पिता का नाम : सी रामराव

जन्म की तारीख और आयु : 26 अक्टूबर 1993, 30

पता : नं. 26-4, पवन प्लाज़ा
भीमावरम
मोबाइल : 9952945687
ई.मेल :

शैक्षणिक योग्यताएँ :

क्र.सं.	योग्यता	संस्था का नाम	अध्ययन का वर्ष	प्रतिशत
1.	एमबीए (हेच आर)	यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, काकिनाडा	2013 -2015	81%
2.	बीबीए	सरकार डिग्री कॉलेजए भीमावरम	2010-2013	86%
3.	इन्टरमीडियट (सीईसी)	से. जेवियर जूनियर कॉलेज, भीमावरम	2008-2010	91%
4.	एस.एस.सी	सरस्वती विद्या मंदिर, भीमावरम	2007-2008	95%
5.	राष्ट्रभाषा प्रवीण	द.भा.हि.प्र.सभा, मद्रास	2013	70%

अनुभव : एक उत्पादन इकाई सीमेंट कंपनी, जग्गय्यापेट में व्यक्तिगत प्रबंधक के रूप में 4 वर्ष।

ज्ञात भाषाएँ : अंग्रेज़ी, तेलुगु, हिन्दी, तमिल

हस्ताक्षर

मुकाम : भीमावरम

दिनांक : 15.03.2023

IV. संक्षिप्तीकरण

(1)

यमराज की परीक्षा में नचिकेता खरा उतरा। संसार का कोई भी प्रलोभन उसे अपने निश्चय से डिगा नहीं सका। प्रसन्न होकर यमराज ने उसे उपदेश देना आरंभ किया। "आत्मा न तो कभी पैदा होती है, न मरती है। वह अजर-अमर है और शरीर के नष्ट हो जाने पर भी विद्यमान रहती है।" "आत्मा का ज्ञान ही सच्चा ज्ञान है। ज्ञानी मनुष्य सब प्राणियों के अपने अंदर और अपने आप को सब प्राणियों के अंदर देखता है। सभी के अंदर उसकी आत्मा रहती है, इसलिए न तो वह किसी से राग रखता है, न द्वेष। ऐसा मनुष्य कभी भी अशांत और दुःखी नहीं होता।" "वत्स, आत्मा का ज्ञान वाद-विवाद या तर्क करने से नहीं प्राप्त होता। यह बहुत गूढ़ विषय है और इसे वे ही समझ सकते हैं, जो सांसारिक आकर्षणों को ठुकराकर साधना के मार्ग पर चलते हैं।" "अपने शरीर को यदि तुम एक रथ मानो तो इंद्रियाँ उसके घोड़े होंगी। मन उन घोड़ों की लगाम है और बुद्धि सारथि के स्थान पर है। इस रथ पर बैठकर यात्रा करनेवाला यात्री आत्मा है। उसी के लिए यह सारा खेल रचा गया है।"

शीर्षक : आत्मा का रहस्य

मूल शब्द : 138 **प्रयुक्त शब्द : 57**

यमराज नचिकेता को समझाने लगे कि आत्मा न तो कभी पैदा होती है, न मरती है, वह अमर है। ज्ञानी मनुष्य अपने अंदर सब प्राणियों और अपने को सब प्राणियों के अंदर देखता है। अपने शरीर को यदि रथ माने तो इंद्रियाँ उसके घोडे हैं। मन उन घोडों की लगाम है। बुद्धि सारथि है। इस रथ पर बैठकर आत्मा यात्रा करती है।

(2)

मेरी सेवा के लिए जो दो औरतें तैनात थीं, उनमें से एक तो अल्हड़ -सी थी, जिसे कुछ काम-काज न आता था, पर दूसरी समझदार थी। वह प्रौढ़ा थी। उसकी गोद में भी एक बच्चा था। वह बड़ी फ़िक्र से सब काम करती थी। वह अधिकतर चुप रहती थी जैसे सदा मन ही मन कुछ सोचा करती हो। मिनू को तो उसने इस प्रकार हिला था जैसे वह उसकी बच्ची हो। उसका खुद का बच्चा पाँव-पाँव चलता और मिनू उसके साथ होती; दाल दलती तो मिनू उसके साथ और बरतन मलती तो मिनू भी उसके साथ छोटी-छोटी कटोरियाँ और गिलास मलती दीख पड़ती। अंत को बात इतनी बढ़ी कि वह मिनू को अपनी पीठ से बाँधकर झाड़ू देने लगी। उसका नाम था लखिया। लखिया और मिनू के इस स्नेह-संबंध से लखिया के बच्चे को जो अभाव ज्ञात हुआ उसकी पूर्ति मैं उसे मिनू के फल और मिठाइयाँ दे-देकर करने लगी। वह प्रायः मेरे ही पास खेला करता। फल और मिठाइयाँ खाने से इस बच्चे को और पानी भरने, बरतन मलने तथा बगीचा सींचने से मिनू को थोड़े ही दिनों में स्वास्थ्य का लाभ होता दिखाई पड़ा।

शीर्षक : लखिया और मिनू का बंधन

प्रयुक्त शब्द : 58

मूल शब्द : 127

जेल में लेखिका की सेवा सुश्रुषा के लिए दो औरतें थीं। एक तो अल्हड़ थी और दूसरी समझदार थी। दूसरी औरत अपने बच्चे से भी अधिक ध्यान लेखिका की बच्ची मिनू पर रखती थी। वह सदा शांत रहती थी। लेखिका की बच्ची दूसरी औरत से बहुत हिलमिल गयी थी। उसके सभी काम में हाथ बांटने की कोशिश करती थी। अतः मिनू के स्वास्थ्य में सुधार आया।

(3)

मैं भी चिन्तित हो गया। मैं कोई खास भला नहीं हूँ। देना भूल जाता हूँ, लेना नहीं भूलता। मैं भला हूँ, क्योंकि आलसी हूँ। बुरा होने के लिए हाथ, पाँव और मन को हिलाना पड़ता है। अगले महीने मैंने बुरा आदमी बनने की कोशिश की। मैं घर में हिसाब रखता गया। महीने के अंत में जब उससे हिसाब पूछा तो पाया कि उसने दस रुपये बढ़ा लिए हैं। काफी महँगा प्रमाणपत्र दे रहा था वह मुझे। मैंने दस रुपये भेजकर विश्वविद्यालय से एम.ए. का प्रमाणपत्र ले लिया था जो मुझे जिन्दगी-भर शिक्षित बताने के लिए काफी है। दूकानदार का प्रमाणपत्र जिसे मैं पढ़कर टाँग भी नहीं सकता, 10 रुपये में सिर्फ़ एक महीने के लिए मिलता है। मुझे हर साल 120 रुपये इसलिए देने पड़ते हैं कि एक छोटे से शहर का एक सामान्य दूकानदार मुझे भला आदमी कहे। अगर मैं उससे शेष जिन्दगी यानी लगभग 30 साल सामान खरीदता रहूँ तो लगभग साढ़े तीन हज़ार रुपये मैं सिर्फ़ इसको दूंगा कि उसने मुझे भला आदमी कहा। सारा बाजार मुझे भला कहे, इसके लिए तो पूरी आमदनी बाँट देनी पड़ेगी। मुझे यह मंजूर नहीं। मैं हिसाब देखने लगा। भले आदमी के उदाहरण के लिए किसी और का उपयोग होगा।

शीर्षक : बेचारा भला आदमी

प्रयुक्त शब्द : 63

मूल शब्द : 149

लेखक पहले हिसाब देखे बिना दूकानदार को पैसे देते थे। दूकानदार ने इसलिए उन्हें भला आदमी कहा, लेकिन बाद में लेखक हिसाब रखने लगे और महीने के अंत में दूकानदार से हिसाब पूछा। पता चला कि दूकानदार हर महीने 10 रुपया बढ़ाकर वसूल किया है। अर्थात् दूकानदार से भले आदमी का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए हर साल 120 रुपये देना है। यदि 30 साल सामान खरीदता रहे तो लगभग साढ़े तीन हज़ार देना पड़ेगा।

(4)

'स्वच्छता अभियान' आधिकारिक रूप में सन् 1999 से चल रहा है। पहले इसका नाम 'ग्रामीण स्वच्छता अभियान' था। लेकिन 1 अप्रैल, 2001 के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इस योजना में परिवर्धन करके, इसका नाम 'निर्मल भारत अभियान' रखा और बाद में सरकार ने इसका संशोधन करके 'पूर्ण स्वच्छता अभियान' कर दिया था। 24 सितंबर, 2014 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'स्वच्छ भारत अभियान' की मंजूरी दी। स्वच्छता अभियान का उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक्तूबर, 2014 को महात्मा गांधीजी

की 145 वीं जयंती के सुअवसर पर किया था। गांधीजी का सपना था कि हमारा देश भी विश्व के अन्य कई देशों की तरह पूरी तरह से स्वच्छ और निर्मल दिखाई दें। इस बात को ध्यान में रखकर प्रधान मंत्री जी ने गाँधी जयंती के अवसर पर इस अभियान की शुरुआत दिल्ली के राजघाट से की थी।

शीर्षक : स्वच्छता अभियान

मूल शब्द : 85 **प्रयुक्त शब्द : 46**

भारत में स्वच्छता अभियान 1999 में शुरू हुआ। 1 अप्रैल 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इसका नाम 'निर्मल भारत अभियान' रखा। बाद में 2 अक्तूबर 2014, को महात्मा गाँधी की 145वीं जयंती पर 'स्वच्छता अभियान' नाम से माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से, दिल्ली के राजघाट में उद्घाटित किया गया। यह अभियान गाँधीजी के स्वच्छता संबंधी सपने को साकार करता है।

(5)

यूनिकोड को समझने से पहले यह जानना जरूरी है कि कंप्यूटर कार्य कैसे करता है? जब हम कंप्यूटर के की-बोर्ड पर कोई अक्षर, उदाहरण के लिए "A', दबाते हैं तो हमें तत्काल स्क्रीन पर A दिखाई देता है, पर हम शायद यह नहीं जानते हैं कि कंप्यूटर ने इसे A के रूप में नहीं बल्कि ज़ीरो (0) और वन (1) के कुछ कांबिनेशन (मिश्रण) में सुरक्षित (save) किया है, क्योंकि कंप्यूटर का हर कार्य केवल ज़ीरो और वन से ही होता है। हर अक्षर और हर संकेत कंप्यूटर में 'ज़ीरो' (0) और 'वन' (1) के आधार पर ही मुद्रित होते हैं। कंप्यूटर में पहले पहल रोमन वर्णमाला का प्रयोग हुआ था, इसलिए अंग्रेजी के अक्षरों के लिए कोड बनाए गए। बाद में युरोपीय भाषाओं और चीनी, जापानी आदि भाषाओं के लिए भी कोड तैयार हुए। पर, इसके साथ ही यह बात सामने आई कि किसी एक भाषा के लिए तैयार कोड दूसरे कंप्यूटर पर कार्य नहीं करते हैं। तब यह निर्णय किया गया कि ऐसे कोड बनाने चाहिए जो वैश्विक रूप से एक समान हों। यह निर्णय ही यूनिकोड तैयार करने का आधार बना।

शीर्षक : यूनिकोड़

मूल शब्द : 129 **प्रयुक्त शब्द : 48**

यूनिकोड के अंतर्गत विश्व की सभी भाषाओं के सभी वर्णों और संकेतों को एक विशिष्ट संख्या प्राप्त हो जाने से विश्व की किसी भी भाषा का कंप्यूटर पर यह संभव है। प्रत्येक अक्षर को सूचित करने के लिए 4 बाइट्स का प्रयोग किया गया है। यूनिकोड की सहायता से ही मोबाइल, सोशल मीडिया और इंटरनेट में भारतीय भाषाओं का प्रयोग संभव हुआ।

(6)

'शिक्षा' बहुत व्यापक शब्द है। उसमें सीखने योग्य अनेक विषयों का समावेश हो सकता है। पढ़ना-लिखना भी उसी के अंतर्गत है। इस देश की वर्तमान शिक्षा प्रणाली अच्छी नहीं। इस कारण यदि कोई स्त्रियों को पढ़ाना अनर्थकारी समझे तो उसे उस प्रणाली का संशोधन करना या कराना चाहिए, खुद पढ़ने-लिखने को दोष न देना चाहिए। लड़कों ही की शिक्षा-प्रणाली कौन-सी बड़ी अच्छी है। प्रणाली बुरी होने के कारण क्या किसी ने यह राय दी

है कि सारे स्कूल और कॉलिज बंद कर दिए जाएँ? आप खुशी से लड़कियों और स्त्रियों की शिक्षा की प्रणाली का संशोधन कीजिए। उन्हें क्या पढ़ाना चाहिए, कितना पढ़ाना चाहिए, किस तरह की शिक्षा देनी चाहिए और कहाँ पर देना चाहिए घर में या स्कूल में इन सब बातों पर बहस कीजिए, विचार कीजिए, जी में आवे सो कीजिए: पर परमेश्वर के लिए यह न कहिए कि स्वयं पढ़ने-लिखने में कोई दोष है-वह अनर्थकर है, वह अभिमान का उत्पादक है, वह गृह-सुख का नाश करने वाला है। ऐसा कहना सोलहों आने मिथ्या है।

शीर्षक : स्त्री शिक्षा

मूल शब्द : 123 **प्रयुक्त शब्द : 48**

शिक्षा में पढ़ने-लिखने के साथ सीखने योग्य अनेक विषय समाविष्ट है। जो स्त्री शिक्षा को अनर्थ कार्य समझते हैं उन्हें वर्तमान शिक्षा प्रणाली में संशोधन करने की व्यवस्था करनी चाहिए। क्योंकि प्रणाली में कमी होने के कारण शिक्षा संस्थानों को कोई बंद नहीं करता। स्त्री शिक्षा को ही अनर्थ कहना संपूर्ण रूप में मिथ्या है।

(7)

बड़े दिन की छुट्टी बीत चली थी। मुझे अपने आफिस में समय से पहुँचना था। कलकत्ता से मन ऊब गया। फिर भी चलते-चलते एक बार उस बाग को देखने की इच्छा हुई। साथ ही साथ जादूगर भी दिखाई पड़ जाता, तो और भी... मैं उस दिन अकेले ही चल पड़ा। जल्द लौट आना था। दस बज चुके थे। मैंने देखा कि उस साफ़ धूप में सड़क के किनारे एक कपड़े पर छोटे जादूगर का रंगमंच सजा था। मोटर रोककर उतर पड़ा। वहाँ बिल्ली रूठ रही थी, भालू मनाने चला था, ब्याह की तैयारी थी, पर सब होते हुए भी जादूगर की वाणी में वह प्रसन्नता की तरी नहीं थी। जब वह औरों को हँसाने की चेष्टा कर रहा था, तब जैसे स्वयं काँप जाता था। मानो उसके रोएँ रो रहे थे। मैं आश्चर्य से देख रहा था। खेल हो जाने पर पैसा बटोरकर उसने भीड़ में मुझे देखा। वह जैसे क्षण-भर के लिए स्फूर्तिमान हो गया। मैंने उसकी पीठ थपथपाते हुए पूछा– 'आज तुम्हारा खेल जमा क्यों नहीं?'

शीर्षक : छोटा जादूगर

मूल शब्द : 132 **प्रयुक्त शब्द : 53**

बडे दिन की छुट्टी समाप्त होने के बाद लेखक आफीस जाने लगे। जाते-जाते वे जादूगर को देखने गये। वहाँ जादूगर तमाशा दिखा रहा था। उसके मुँह में प्रसन्नता नहीं थी। वह स्वयं मन ही मन रो रहा था। खेल समाप्त होने पर जब उसने लेखक को देखा तब लेखक ने उसकी पीठ थपथपाते हुए उसकी हालत के बारे में पूछा।

(8)

उसी बीच आनंद भवन में बापू आए। हम लोग तब अपने जेब-खर्च में से हमेशा एक-एक, दो-दो आने देश के लिए बचाते थे और जब बापू आते थे तो वह पैसा उन्हें दे देते थे। उस दिन जब बापू के पास मैं गई तो अपना

कटोरा भी लेती गई। मैंने निकालकर बापू को दिखाया। मैंने कहा, 'कविता सुनाने पर मुझको यह कटोरा मिला है।' कहने लगे, 'अच्छा, दिखा तो मुझको।' मैंने कटोरा उनकी ओर बढ़ा दिया तो उसे हाथ में लेकर बोले, 'तू देती है इसे?' अब मैं क्या कहती? मैंने दे दिया और लौट आई। दुख यह हुआ कि कटोरा लेकर कहते, कविता क्या है? पर कविता सुनाने को उन्होंने नहीं कहा। लौटकर अब मैंने सुभद्रा जी से कहा कि कटोरा तो चला गया। सुभद्रा जी ने कहा, 'और जाओ दिखाने!' फिर बोलीं, 'देखो भाई, खीर तो तुमको बनानी होगी। अब तुम चाहे पीतल की कटोरी में खिलाओ, चाहे फूल के कटोरे में- फिर भी मुझे मन ही मन प्रसन्नता हो रही थी कि पुरस्कार में मिला अपना कटोरा मैंने बापू को दे दिया।

शीर्षक : चाँदी का कटोरा

मूल शब्द : 136 **प्रयुक्त शब्द : 61**

बापूजी जब आनंद भवन आते थे तब लेखिका और उनकी सहेली अपने बचत उन्हें देश सेवा के लिए देती थीं। इस क्रम में एक बार जब बापूजी आये तब लेखिका ने कविता स्पर्धा में प्राप्त अपने पुरस्कार चांदी का कटोरा उन्हें दे दिया। यह जानकर सुभद्रा जी ने हंसी मजाक में कहा कि जो भी हो किसी भी कटोरा में खीर खिलाने से लेखिका बच नहीं सकती।

(9)

संयोग की बात, झूरी ने एक बार गोईं को ससुराल भेज दिया। बैलों को क्या मालूम, वे क्यों भेजे जा रहे हैं। समझे, मालिक ने हमें बेच दिया। अपना यों बेचा जाना उन्हें ना सीख जाते तो शायद अच्छा लगा या बुरा, कौन जाने, पर झूरी के साले गया को घर तक गोईं ले जाने में दाँतों पसीना आ गया। पीछे से हाँकता तो दोनों दाएँ-बाएँ भागते, पगहिया पकड़कर आगे से खींचता, तो दोनों पीछे को ज़ोर लगाते। मारता तो दोनों सींग नीचे करके हुँकारते। अगर ईश्वर ने उन्हें वाणी दी होती, तो झूरी से पूछते-तुम हम गरीबों को क्यों निकाल रहे हो? हमने तो तुम्हारी सेवा करने में कोई कसर नहीं उठा रखी।

शीर्षक : दो बैलों की कथा

मूल शब्द : 88 **प्रयुक्त शब्द : 44**

झूरी ने एक बार गोईं को अपना ससुराल भेजा। बैलों ने समझा कि मालिक ने उन्हें बेच दिया। गया को दोनों बैलों को घर तक ले जाने से बहुत कठिनाई हुई। अगर उन्हें भगवान वाणी दी होती तो वे झूरी से पूछते हमें क्यों निकाल रहे हैं, तुम्हारी सेवा में क्या कसर हमने रखा।

(10)

इस समय हमारे सामने गंभीर प्रश्न यह था कि क्या करना चाहिए? युद्ध क्षेत्र में डटे रहें या हट जाएँ? सोच विचार के बाद यही निश्चय हुआ कि यह लोहे का घोड़ा है। इसके सामने हम क्या चीज हैं। बड़े-बड़े वीर योद्धा भी ठहर नही सकते। इसलिए हमने साइकिल छोड़ दी और भगोड़े सिपाही बनकर मुड़ गए। पर दूसरे ही क्षण साइकिल पूरे जोर से हमारे पांव पर गिर गई और हमारी रामदुहाई बाजार के एक सिरे से दूसरे सिरे तक गूंजने लगी। उस्ताद लस्सी छोड़कर दौड़े आए और अन्य दयावान लोग भी जमा हो गए। सबने मिलकर हमारा पांव साइकिल से निकाला। भगवान के एक भक्त ने जंबक का डिब्बा भी उठाकर हमारे हाथ में दे दिया। दूसरे ने हमारी बगलों में हाथ डालकर हमें उठाया और सहानुभूति से पूछा, 'चोट तो नहीं आई? ज़रा दो चार कदम चलिए नहीं तो लहू जम जाएगा'। इस तरह दूसरे दिन भी हम और हमारी साइकिल दोनों अपनी घर से थोड़ी दूर पर जख्मी हो गए। हम लंगड़ाते हुए घर लौट आए और साइकिल ठीक होने के लिए मिस्त्री के दुकान पर भेज दी।

शीर्षक : साइकिल की सवारी

मूल शब्द : 115 **प्रयुक्त शब्द : 51**

लेखक अपने साइकिल सीखने के अनुभव के बारे में बताते हैं। एक दिन लेखक ने उस्ताद की अनुपस्थिति में स्वयं साइकिल चलाने की कोशिश की। ऐसे में अचानक साइकिल लेखक के पाँव पर गिर गई और वे चिल्लाने लगे। सब लोग इकट्ठा हुए और लेखक की सहायता की। लेखक घर पहुँचे और साइकिल की मरम्मत करने के लिए, उसे मिस्त्री की दूकान भेज दिया।

❊ ❊ ❊ ❊

V. अनुवाद अभ्यास

प्रांतीय भाषा में अनुवाद कीजिए :-

(1)

कठिन परिश्रम ही सफ़लता की चाबी है–पुरानी परंतु सच्ची कहावत है जो अनेक पीढ़ियों तक चलती रहेगी। बहुत से लोग कठिन परिश्रम से भागते हैं और अपने निकम्मेपन को बेकार के विचारों से छिपाने की कोशिश करते हैं। उदाहरण के लिए वे जीवन की विपन्नता और असफलता के लिए भाग्य को जिम्मेदार मानते हैं और पूर्ण रूप से खाली बैठने के लिए झूठे बहाने गढ़ते हैं।

यदि भाग्य की भूमिका को स्वीकारा भी जाए तो भी यह अपने कर्म को करने से रोकने की इज़ाजद नहीं देता। प्लेट में रखा खाना भी हाथ और मुँह को हिलाये बिना नहीं खाया जा सकता। सफलता कठिन परिश्रम करने के लिए और नई ऊँचाइयों को छूने के लिए उत्साहित करती है। हालांकि असफलताएँ भी आती हैं लेकिन उन्हें एक हारे हुए व्यक्ति की भावना से नहीं लेना चाहिए।

(2)

यदि ईश्वर कहे कि 'ले मैं तुम्हें आज़ाद कर देता हूँ, तुम्हारे सब दुःखों और कष्टों को दूर किये देता हूँ, पर इसके बदले में महात्मा जी जैसों का जन्म लेना बन्द कर देना चाहता हूँ तो मैं कहूँगा– मैं गुलामी से ज़रूर ऊब गया हूँ, आज़ादी का ज़रूर भूखा हूँ, देश की दुर्दशा मुझे बिच्छू की तरह डस रही है, उसके लिए मुझसे बड़ी कीमत लीजिए– महात्मा जी जैसे तक की आहुति लेना हो तो ले लीजिए– पर उनका आना मत रोकिए।'

यदि गुलामी, आपत्ति की यातना में ही ऐसों का जन्म होता हो, तो मैं आगे बढ़कर उस गुलामी और विपत्ति के चरण चूमूँगा। वह स्वराज्य बेकार है, जिसमें पवित्र विभूति न हो, उसके लिए स्थान न हो; वह पराधीनता, वह नरक, स्वर्ग और अपवर्ग से भी बढ़कर है, जिसमें पवित्र विभूतियों का दर्शन होता हो।

(3)

खाद्य पदार्थों में मिलावट एक अक्षम्य धोखा है जो एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्तियों के साथ किया जाता है। ज़्यादा से ज़्यादा पैसा कमाने के लिए लोगों के जीवन से खेलना क्रूरता है। मूलतः अनचाहे पदार्थ जैसे – धूल, अशुद्धियाँ, पत्थर के कणों आदि को खाने के सामान में मिलाना जो उसके रंग, आकार और रूप बनावट आदि से मिलते हों, मिलावट कहा जाता है।

इसके विशेष उदाहरण है दूध, मसाले, तेल और घी, दालें इत्यादि। यह न केवल लोगों से पैसा छीनने के समान है बल्कि उन्हें जहरीले और हानिकारक खादय पदार्थ देकर, उन्हें मूर्ख बनाना भी है। लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। खाद्य सामग्री खरीदते समय हमें बहुत सावधान रहना चाहिए।

(4)

समय जाते देर नहीं लगती। पन्द्रह वर्ष बीत चुके, पर जान पड़ता है कि अभी कल की बात है। सन् 1916 में मैं तीसरी बार इन्ट्रेंस की परीक्षा देने बैठा था। दो साल मैं लगातार फेल हो चुका था। और अन्य विषयों में ज्यों-त्यों पास भी हो जाता, पर गणित का विषय मुझे अन्त में ले डुबाता। छोटे दर्जों में भी इसने मेरे रास्ते में रोड़े अटकाये, परीक्षाओं में इसने मेरे साथ सदा अड़ंगा नीति से काम लिया, पर मैं किसी-न-किसी करवट से दर्जा बराबर चढ़ता ही गया। इन्ट्रेन्स में पहुँचना था कि यह मेरा पीछा करता रहा।

लोगों का ऐसा खयाल था और अब भी है कि प्रतिभा नाम की चीज़ मेरे पल्ले पक्ष में कभी नहीं थी, पर मैं इसे मानने के लिए तैयार नहीं हूँ।

(5)

विदेशों में जाने के प्रति उत्साह बढ़ता ही जा रहा है और दूसरे अनेक देशों में भारतीयों पर हुए हमलों के बावजूद इसमें ज़रा कमी नहीं आयी है। कुछ लोग जल्दी पैसे कमाने के लिए जाते हैं और कुछ बेहतर जीवन जीने के लिए। अधिकतर भारतीय जो अच्छी तरह पढ़े लिखे नहीं है वे निम्न श्रेणी की नौकरियों जैसे बेरर, ड्राइवर और दूसरे मज़दूरी के कामों के लिए जाते हैं। वहाँ उनके साथ प्रायः बहुत अपमानजनक व्यवहार किया जाता है।

भारत बुद्धिजीवियों का देश है। हमारे सभी योग्य डॉक्टर, इंजिनियर, एमबीए आदि को विदेशों में अच्छी नौकरी मिल जाती है। कोई भी आसानी से सोच सकता है कि यदि भारत की यही मानवशक्ति भारत की उन्नति के लिए काम करे तो अपार सफलता प्राप्त होगी। हमें अपनी खुद की चाहतों को तिलांजलि देने का और सबसे पहले देश के नागरिकों की तरह सोचने और काम करने का अब समय आ गया है।

(6)

शाहज़ादी जहाँनारा तपस्विनी हो गयी है। उसके हृदय में वह स्वाभाविक तेज अब नहीं है, किन्तु एक स्वर्गीय तेज से वह कांतिमयी थी। उसकी उदारता पहले से भी बढ़ गयी। दीन और दुखी के साथ उसकी ऐसी सहानुभूति थी कि लोग उसे 'करुणा मूर्ति' मानते थे। उसकी इस चाल से पाषाण-हृदय औरंगज़ेब भी विचलित हुआ। उसकी स्वतंत्रता का उपभोग करने के लिए उसे अवकाश ही कहाँ था? पिता की सेवा और दुखियों के प्रति सहानुभूति करने से उसे समय बचा ही नहीं था।

जिसकी सेवा के लिए सैकड़ों दासियाँ हाथ जोड़कर खड़ी रहती थीं, वह स्वयं दासी की तरह अपने पिता की सेवा करती हुई अपना जीवन व्यतीत करने लगी। वृद्ध शाहजहाँ के इंगित करने पर उसे उठाकर बैठाती और सहारा देकर कभी-कभी यमुना के तट तक उसे ले जाती और उसका मनोरंजन करती हुई छाया-सी बनी रहती।

(7)

भारत में प्राचीनकाल से ही स्त्रियों को समाज में बहुत ही सम्मानित स्थान दिया जाता है। भारतीय समाज में स्त्रियों को देवी लक्ष्मी का स्वरूप प्रदान किया गया है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वे विमान विद्‌या, अंतरिक्ष, राजनीति, बैंक, स्कूल, खेल-कूद, व्यापार, सेना, पुलिस आदि क्षेत्रों में स्त्रियों को काम करते हुए हम देख सकते हैं।

यह सब हम अपनी आँखों से प्रत्यक्ष रूप में देखते हैं यद्यपि पर्दे के पीछे हम पाएँगे कि स्त्रियाँ घरों में, कार्यालयों में, गलियों में अपराध होने का शिकार हैं। स्त्रियाँ बलात्कार, तेजाबी आक्रमण आदि झेल रही हैं। यह देखने से स्त्रियों की सुरक्षा संदेह के घेरे में है। हमें इन सब बुराइयों से उनके जीवन को सुरक्षित बनाना चाहिए।

(8)

बौद्ध काल में सबसे बड़ा विश्वविद्यालय नालंदा में था। यह स्थान मगध की प्राचीन राजधानी राजगृह से सात मील दूर उत्तर की ओर, और पटना से चौबीस मील दक्षिण की ओर था। आजकल इस जगह पर 'बार गाँव' नामक गाँव बसा हुआ है जो गया जिले में है। नालंदा की प्राचीन इमारतों के खण्डहर यहाँ अभी तक पाये जाते हैं। सातवीं शताब्दी के प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसाँग ने नालंदा की शान व शौकत का बड़ा ही मनोहर वृत्तान्त लिखा है।

चीन ही में उसने नालंदा का हाल सुना था। इधर-उधर घूमते-घूमते जब वह गया पहुँचा, तब विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उसे नालन्दा में आने के लिए निमंत्रण दिया। इससे उसने अपने को धन्य समझा। नालंदा में पहुँचते ही उसके सिर पर ऐसा असर पड़ा कि वह तुरन्त विद्यार्थियों में शामिल हो गया।

(9)

इंटरनेट सभ्यता पृथ्वी पर वरदान और अभिशाप दोनों के साथ उभरी है। लग रहा है कि सारी दुनिया कंप्यूटर के पर्दे पर सिमट गयी है। परंतु जिस प्रकार हर चीज़ के सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं, इंटरनेट सभ्यता ने भी कुछ गलत पहलुओं को बढ़ावा दिया है। यह एक व्यक्ति को एक क्षण में ही बेइज़्जत करके उसकी जिंदगी को बर्बाद कर सकता है।

इंटरनेट हैकिंग उन सभी बैंक खातों, व्यक्तिगत सूचनाओं, डाटा और गुप्त विवरणों के लिए एक बड़ा खतरा है जो कंप्यूटर में संग्रहीत है। बच्चे इंटरनेट के उन्माद हो गये हैं। प्ले स्टेशन्ज़ और अश्लील वीडियोज़ उनके जीवन को बर्बाद करने के कगार पर हैं। अतः इसका प्रयोग नकारात्मक उद्देश्यों की बजाय सकारात्मक उद्देश्यों के लिए होना चाहिए।

(10)

एक बागी गुलाम और एक बादशाह की बातचीत हुई। यह गुलाम कैदी दिल से आज़ाद था। बादशाह ने कहा– मैं तुमको अभी जान से मार डालूँगा। तुम क्या कर सकते हो? गुलाम बोला– "हाँ, मैं फाँसी

